दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-102 सीहोर, शनिवार 06 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## देश के कई राज्यों में आंधी बारिश ने मचाई तबाही, सैकड़ों पेड़ उखड़े




### बारिश का अलर्ट जारी, मप्र में आंधी-तूफान के साथ ओले गिरने की संभावना

नई दिल्ली,(ए.)। देश के 11 राज्यों में गुरुवार को आंधी के साथ बारिश हुई। मध्य प्रदेश के भोपाल में 70किमी की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलीं। इससे करीब 80 से ज्यादा पेड़ गिर गए। यूपी के भी 12 शहरों में बारिश हुई। नोएडा में तेज हवाओं से 400 पेड़ उखड़ गए। हरियाणा के फरीदाबाद जिले में फ्लाईओवर निर्माण कार्य में लगी क्रेन कंटेनर पर पलट गई। इसमें 3 मजदूरों की मौत हो गई। वहीं बिहार के भागलपुर में बिजली गिरने से मां-बेटी की मौत हो गई। राजस्थान के जयपुर में दिल्ली से 4 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। दिल्ली-एनसीआर में भी खराब मौसम के कारण 11 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक मानसून ने गुरुवार को देश में दस्तक दे दी है। इसके साथ ही चार महीने, यानी जून से सितंबर तक चलने वाले बारिश के मौसम की शुरुआत हो गई है, जिससे भीषण गर्मी और लू से राहत मिलने की उम्मीद है। मानसून केरलम के साथ ही तमिलनाडु और कर्नाटक के कुछ हिस्सों तक पहुंच गया है। यह अगले 3-4 दिन में कर्नाटक-तमिलनाडु के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ जाएगा। इसके साथ ही इसके गोवा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों तक पहुंचने की उम्मीद है। मानसून आमतौर पर 1 जून को केरलम पहुंचता है। इसके बाद करीब डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर कर लेता है। मानसून की वापसी आमतौर पर 17 सितंबर के आसपास राजस्थान से होती है और 15 अक्टूबर तक पूरी हो जाती है।

मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, ओडिशा और तटीय आंध्र प्रदेश में आंधी-तूफान की आशंका के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शनिवार तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, केरलम, कर्नाटक, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में तेज बारिश होने का अनुमान है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, मध्य महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में कुछ जगहों पर आंधी-तूफान के साथ ओले गिरने का भी अनुमान लगाया है।

वहीं 7 जून को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में तेज रफ्तार से हवा चल सकती है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ क्षेत्रों में बारिश और आंधी की स्थिति रह सकती है।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने वाली रायसेन जिले की ग्राम सेमरी निवासी सुश्री अंजना यादव ने सौजन्य भेंट की।

## कोचिंग फायरिंग मामले में बढ़ सकती हैं खान सर की मुश्किलें, पटना पुलिस ने FIR में जोड़ा नाम





पटना ,(आरएनएस)। पटना में खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग पर फायरिंग मामले में खान सर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।मामले से जुड़े कई नए वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने बीते रोज दर्ज की गई एफआईआर में फैसल खान (खान सर) का नाम जोड़ दिया है।इसके साथ ही खान सर पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। कदमकुआं थाने में आर्म्स एक्ट और झूठी सूचना के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में जुटी है।टाउन डीएसपी-1 राजेश रंजन ने बताया कि फायरिंग की घटना को लेकर पुलिस को गलत जानकारी दी गई।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, आदिवासी गांव पर हमले में तीन की मौत

### हथियारबंद गुटों के बीच चली गोलीबारी, कई घरों को लगाई आग; सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन जारी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शुक्रवार को एक बार फिर हिंसा की घटना सामने आई। अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने एक आदिवासी बहुल गांव पर हमला कर दिया, जिसमें एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। हमले के दौरान कई मकानों को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे गांव में दहशत का माहौल बन गया।पुलिस के अनुसार, हथियारबंद लोगों के एक समूह ने लोइबोल खुल्लेन गांव पर अचानक हमला कर दिया। हमले के जवाब में वहां मौजूद दूसरे सशस्त्र समूह ने भी गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों पक्षों के बीच करीब आधे घंटे तक चली फायरिंग में तीन ग्रामीणों की जान चली गई।मृतकों की पहचान लेतखोंगाम हाओकिप, उनकी पत्नी टिनमैरी हाओकिप और जांगमिनलाल हाओकिप के रूप में हुई है। गोलीबारी के दौरान ग्रामीणों



में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए घर छोड़कर आसपास के जंगलों की ओर भाग गए।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हमलावरों ने गांव के कई घरों को निशाना बनाया, जिनमें कम से कम सात मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गए। इसके अलावा ग्रामीणों की अन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा है।घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त सुरक्षा बलों को इलाके में तैनात किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।इस घटना की कुकी समुदाय की प्रमुख संस्था कुकी इनपी मणिपुर (KIM) ने कड़ी निंदा की है। संगठन के सचिव जांघाओलुन हाओकिप ने बयान जारी कर कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या और उनके घरों को नष्ट करना मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने केंद्र सरकार और सुरक्षा एजेंसियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

संगठन ने संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की भी अपील की है।

## अन्नामलाई का इस्तीफा हुआ स्वीकार

### -तमिलनाडु में भाजपा के लिए माना जा रहा बड़ा झटका



चैन्नई,(ए.)। तमिलनाडु की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी को एक बहुत बड़ा झटका लगा है, जहां पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई का इस्तीफा आखिरकार भाजपा हाईकमान को स्वीकार करना पड़ा है। अन्नामलाई काफी समय पहले ही पार्टी नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप चुके थे, जिस पर अब जाकर मुहर लगी है। लंबे समय तक तमिलनाडु में भाजपा का मुख्य चेहरा रहे अन्नामलाई की विदाई से राज्य के सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। हालांकि, वे किस बात को लेकर सबसे ज्यादा असंतुष्ट थे, इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के दौरान उनका यह असंतोष खुलकर सामने आया था। वे राज्य में एआईएडीएमके के साथ चुनावी गठबंधन करने के सख्त खिलाफ थे, जबकि केंद्रीय नेतृत्व ने अन्नाद्रमुक के साथ जाने का फैसला किया था। इस्तीफे की खबरों के बीच अन्नामलाई भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करने नई दिल्ली भी पहुंचे थे। इस दौरान जब उनसे नई पार्टी बनाने की संभावनाओं पर सवाल किया गया, तो उन्होंने सस्पेंस बरकरार रखते हुए कहा कि अगले कुछ दिनों में सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा, लोग थोड़ा इंतजार करें।

## जंतर-मंतर पर 11 लाख लोग एकत्रित होकर प्रधान का इस्तीफा मांगेंगे

### कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके का ऐलान

नई दिल्ली, (ए.)। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके अमेरिका से भारत के लिए रवाना हो चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर जय भीम का नारा लगाते हुए अपने भारत आगमन की जानकारी साझा की है। दीपके शनिवार सुबह देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेंगे, जहां वह अपने समर्थकों के साथ मिलकर एक बड़े विरोध प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगना है।

## जयपुर में इबोला वायरस की दस्तक से हड़कंप, युगांडा से आई विदेशी महिला में मिले लक्षण

जयपुर ,(आरएनएस)। राजस्थान की राजधानी जयपुर से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जिसने राज्य के स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की रातों की नींद उड़ा दी है। जयपुर घूमने आई युगांडा (Uganda) की एक विदेशी महिला में इबोला वायरस (Ebola Virus) जैसे संदिग्ध लक्षण मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। महिला को तुरंत जयपुर के आरयूएचएस (RUHS) अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसे विशेष आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर कड़ी निगरानी में रखा गया है। जब तक महिला की अंतिम मेडिकल रिपोर्ट सामने नहीं आ जाती, तब तक स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन को पूरी तरह से अलर्ट मोड पर डाल दिया गया है।

## भारत का पाकिस्तान को साफ संदेश, जब तक आतंकवाद बंद नहीं होता तब तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी



नई दिल्ली,(आरएनएस)।भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को लेकर अपना रुख दोहराते हुए शुक्रवार को स्पष्ट किया कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह और विश्वसनीय तरीके से बंद नहीं करता, तब तक यह संधि स्थगित रहेगी। विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया पाकिस्तान द्वारा चिनाब-ब्यास लिंक टनल परियोजना और सलाल बांध जलाशय से गाद निकालने की भारत की योजनाओं पर आपत्ति जताए जाने के बाद आई है।पाकिस्तान ने आरोप लगाया था कि भारत पानी को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है।

नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान एमईए के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, हमने सिंधु जल संधि को स्थगित कर रखा है और यह तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त नहीं कर देता।




## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया

बेंगलुरु (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया।

'विधान सौध' में उनके नामांकन दाखिल किए जाने के समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अलावा कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, पूर्व सीएम सिद्धारमैया, कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और केसी वेणुगोपाल और राज्य सरकार के कई मंत्री उपस्थित थे।

अधिकारियों के मुताबिक खड़गे ने नामांकन पत्र विधानसभा सचिव एमके विशालाक्षी को सौंपे. खड़गे इस समय राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं और संसद के उच्च सदन में उनका कार्यकाल 25 जून को समाप्त हो रहा है।

कांग्रेस ने कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव के लिए खड़गे के अलावा पवन खेड़ा और मंसूर अली खान को उम्मीदवार बनाया है. पवन खेड़ा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख हैं। वहीं मंसूर अली खान वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव हैं. खान ने 2024 का लोकसभा चुनाव बेंगलुरु सेंट्रल निर्वाचन क्षेत्र से लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## महाकाल मंदिर में भस्म आरती अनुमति के नाम पर वसूली का मामला, शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज



उज्जैन, (आरएनएस)। विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती की अनुमति दिलाने के नाम पर श्रद्धालुओं से अतिरिक्त राशि वसूलने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद महाकाल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार तड़के करीब 2 बजे भस्म आरती व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नीलकंठ द्वार और अन्य प्रवेश मार्गों से आने वाले श्रद्धालुओं की अनुमति पत्रों की जांच की गई तथा उनसे व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक भी लिया गया। निरीक्षण के दौरान गेट क्रमांक-1 से प्रवेश कर रहे कुछ श्रद्धालुओं ने शिकायत की कि भस्म आरती में शामिल होने की अनुमति दिलाने के नाम पर उनसे निर्धारित प्रक्रिया के विपरीत अतिरिक्त राशि ली गई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार उनसे प्रति व्यक्ति 2500 रुपये लेकर अनुमति उपलब्ध कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने महाकाल थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोपहर में एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि अनुमति प्रक्रिया में कथित रूप से कौन लोग शामिल थे और श्रद्धालुओं से राशि किस माध्यम से वसूली गई । निरीक्षण के दौरान मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं और शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। साथ ही भस्म आरती में प्रवेश के लिए नीलकंठ द्वार को एकमात्र प्रवेश द्वार के रूप में प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सिंगर कैलाश खेर ने किए बाबा महाकाल के दर्शन, भस्म आरती में लिया आशीर्वाद

उज्जैन (आरएनएस)। बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध और लोकप्रिय गायक कैलाश खेर शुक्रवार तड़के बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिए मध्य प्रदेश के उज्जैन पहुंचे। भगवान शिव के परम भक्त माने जाने वाले कैलाश खेर को अक्सर बाबा महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाते हुए देखा जाता है। इस बार भी वे तड़के होने वाली विश्व प्रसिद्ध भस्म आरती का हिस्सा बने और पूरी तरह शिव की भक्ति के रंग में रंगे हुए नजर आए। बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल होने के लिए कैलाश खेर सुबह करीब 3 बजे ही महाकालेश्वर मंदिर पहुंच गए थे। उन्होंने मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर पूरी श्रद्धा के साथ भस्म आरती के दिव्य दर्शन किए। आरती के दौरान वे पूरी तरह भक्ति में लीन दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने नंदी जी का विशेष अभिषेक और पूजन किया तथा प्राचीन परंपरा के अनुसार नंदी जी के कान में अपनी मनोकामना भी कही।नंदी जी की पूजा-अर्चना करने के बाद कैलाश खेर मंदिर के चांदी द्वार के पास पहुंचे और वहां मौजूद मुख्य पुजारी के माध्यम से गर्भगृह में विराजमान बाबा महाकाल को पवित्र जल अर्पित किया।



# हमारी जीवन पद्धति में प्रकट होता है पर्यावरण संरक्षण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सनातन संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण की मूल अवधारणा नीहित है। पांच तत्वों से बनी सृष्टि के संरक्षण के लिए हर तत्व का महत्व हमारे पूजा पाठ-भोजन और भजन की पद्धति में विद्यमान है। सनातन संस्कृति में एक पेड़ को 10 पुत्रों के बराबर माना गया है। हमारी जीवन पद्धति में पर्यावरण संरक्षण प्रकट होता है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी कार्य पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रदेश में नदी, कुओं, बावड़ियों और तालाबों के संरक्षण के लिए पवित्र भाव से कार्य जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के राज्य स्तरीय समारोह के शुभारंभ अवसर पर यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर परिसर में स्वर्ण चम्पा, सीता अशोक, रामफल और आंवला का पौधरोपण किया। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, अपर मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अशोक बर्णवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

**राज्य स्तरीय पुरस्कार किये प्रदान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार मे दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इससे पहले,



सभागार परिसर में स्वर्ण चंपा, सीता अशोक, रामफल और आंवला का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में 8 श्रेणियों में 11 राज्य स्तरीय पर्यावरण पुरस्कार प्रदान किये। पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और सतत् विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली औद्योगिक इकाइयों, शैक्षणिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा व्यक्तियों को वर्ष 2024-25 के लिसे पुरस्कार प्रदान किए।

**16 जिलों की 500 बावड़ियों के प्रलेखन दस्तावेजों का किया गया विमोचन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सर्कुलर इकॉनॉमी से संबंधित 5 कोर्स मॉड्यूल्स और एप्को तथा इन्टैक द्वारा प्रदेश में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 16 जिलों की 500 बावड़ियों के प्रलेखन दस्तावेजों का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नवाचारों, सर्कुलर इकोनॉमी तथा जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी देश में सबसे लंबे समय तक कार्य करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के सुशासन का 13वाँ वर्ष आरंभ हो चुका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश में सबसे लंबे समय तक कार्य करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री होंगे। गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी सतत निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में रिकॉर्ड बनाएंगे। प्रधानमंत्री का पद उनके आसीन होने से गौरवान्वित हुआ है। परमात्मा ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को यश प्रदान किया है। भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने 24 दलों के गठबंधन की सरकार चलाई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी अनेक सौगातें देश को दी और पूर्ण बहुमत की सरकार की कामना की। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की कामना वर्ष 2014 में पूर्ण हुई। सुशासन और विरासत से विकास के मार्ग पर चलते हुए भारत सशक्त हुआ। वर्तमान समय में देश आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्त है। भारतीय प्रतिभाएं अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा खेल सहित सभी क्षेत्रों में विश्व में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं।

# अंतरराष्ट्रीय कैनो चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के 7 खिलाड़ियों का चयन

### *एशियन कैनो स्प्रिंट और पैरा कैनो वर्ग में प्रदेश के खिलाड़ी करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व*



भोपाल मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी, भोपाल के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। 4 से 7 जून 2026 तक तुर्किस्तान, कजाकिस्तान में आयोजित 2026 Asian Canoe Sprint Junior and Uwx Championships एवं www{ Asian Paracanoe Championships के लिए मध्यप्रदेश अकादमी के 7 खिलाड़ियों का भारतीय दल में चयन हुआ है। इनमें कैनो स्प्रिंट वर्ग से संतोष सिंह, प्रिंस गोस्वामी, दीपिक देमार, डैली बिश्नोई और निहारिका सिंह तथा पैरा कैनो वर्ग से प्राची यादव और मनीष कुराव शामिल हैं। चयनित टीम के साथ कोच कैप्टन पीजुष बरोई भी दल के साथ रहेंगे।

**अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की मजबूत उपस्थिति**

एशिया की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों का चयन प्रदेश में विकसित हो रही उत्कृष्ट खेल संस्कृति और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रमाण है। चयनित खिलाड़ी जूनियर, अंडर-23 एवं पैरा कैनो वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए पदक जीतने का प्रयास करेंगे। यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि अकादमी में उपलब्ध कराए जा रहे आधुनिक प्रशिक्षण और सुविधाओं की सफलता को भी दर्शाती है।

**समर्पण और कठोर प्रशिक्षण से मिली सफलता**

चयनित खिलाड़ियों ने वर्षों की कठिन मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर भारतीय टीम में स्थान बनाया है। राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। अब वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

**पैरा खिलाड़ियों ने भी बढ़ाया प्रदेश का गौरव**

विशेष रूप से पैरा कैनो वर्ग में मध्यप्रदेश के दो खिलाड़ियों प्राची यादव और मनीष कुराव का चयन यह दर्शाता है कि खेलों के माध्यम से दिव्यांग खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उनकी उपलब्धियां समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ खेलों में समावेशिता और समान अवसरों की भावना को भी मजबूत करती हैं।

**अकादमी की आधुनिक सुविधाओं का सकारात्मक परिणाम**

मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण, खेल विज्ञान आधारित फिटनेस सपोर्ट तथा अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन और प्रतिस्पर्धात्मक अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

**प्रदेश के लिए गौरव और युवाओं के लिए प्रेरणा**

कजाकिस्तान में आयोजित इस प्रतिष्ठित एशियाई प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के 7 खिलाड़ियों का चयन प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि बताती है।

## अमरकंटक चचाई थर्मल पॉवर स्टेशन ने 609 दिनों तक बिजली उत्पादन का बनाया रिकार्ड

भोपाल (ए.)। राज्य क्षेत्र के थर्मल पॉवर स्टेशनों में एक नया इतिहास रचते हुए, मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी की अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई (ATPS) की 210 मेगावॉट (M W) क्षमता वाली यूनिट नंबर 5 ने लगातार 609 दिनों तक निर्बाध रूप से क्रियाशील रहकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह शानदार सफर 1 अक्टूबर 2024 से शुरू होकर 2 जून 2026 तक करीब पौने दो साल तक बिना रुके जारी रहा, जो राज्य क्षेत्र (State Sector) की किसी भी थर्मल यूनिट के लिए अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दो जून को अचानक आई एक तकनीकी विद्युत खराबी (Electric Fault) के कारण इस यूनिट को रोकना पड़ा, जिससे यह अद्भुत सफर थम गया। इस ऐतिहासिक परिचालन अवधि के दौरान प्लांट के कार्यकुशलता सूचकांक (Performance Indices) भी बेहद उत्कृष्ट रहे, जो यूनिट की बेहतरीन तकनीकी देखरेख और परिचालन क्षमता

# जल प्रबंधन के लिए आवश्यणक है वाटर फुट प्रिन्टि मापन : डॉ. अनिल कोठारी

**परम्पीरागत भारतीय जीवन शैली पर्यावरण के लिए आवश्यनक है : प्रवीण रामदास**

भोपाल (ए.)। भारत के पास विश्व के केवल 4 प्रतिशत मीठे जल संसाधन हैं, जबकि यहां विश्व की 18 प्रतिशत आबादी निवास करती है। आज स्थिति यह है कि उपलब्ध जल का लगभग 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा लीकेज, अपव्यय एवं अव्यवस्थित उपयोग के कारण नष्ट हो जाता है। यदि हम अभी से जल संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। हर बूंद कीमती है। जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। वर्षा जल संचयन, जल का पुनः उपयोग और जल बचत की आदतें ही भविष्य के जल संकट का समाधान हैं। यह कहना है एमपीसीएसटी के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने पर्यावरण दिवस पर आयोजित एक दविसीय संगोष्ठी विषय ''परम्पहरा में जल, पर्यावरण एवं कृषि'' एवं सतत विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने जल पदचिह्न (W ater Footprint), विभिन्न जलवायु क्षेत्रों (Climatic Zones), जैविक खाद के उपयोग, फूड माइल्स (Food Miles), मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी पहल एक पेड़ माँ के नाम, जल गुणवत्ता, जल प्रदूषण एवं जल संदूषण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। जल, भूमि एवं जैव विविधता के संरक्षण के बिना सतत विकास की कल्पना संभव नहीं है। विदित है कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (एमपीसीएसटी), भोपाल द्वारा एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम ''परम्पणरा में जल, पर्यावरण एवं कृषि'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जल संसाधन प्रबंधन, सतत कृषि, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा विभिन्न सामाजिक एवं वैज्ञानिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. विकास शेंडे, प्रधान वैज्ञानिक एवं विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम संयोजक ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जल, पर्यावरण एवं कृषि विषयों पर तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें विशेषज्ञों द्वारा वर्तमान चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की

## मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

### *विगत 05 दिनों में 1 करोड़ 45 लाख रूपये से अधिक के मादक पदार्थ एवं संपत्ति जप्त*



भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों एवं नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न जिलों में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विगत 05 दिनों में 01 करोड़ 45 लाख रूपए से अधिक मूल्य के अवैध मादक पदार्थ सहित संपत्ति जब्त की हैं। इन कार्रवाइयों में गांजा, स्मैक, अफीम, एमडी ड्रग्स एवं डोडाचूरा जैसे मादक पदार्थों की बड़ी खेप जब्त करते हुए अनेक तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

**बड़वानी**

जिले के वरला थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम पांजरिया से 01 क्विंटल 47 किलोग्राम गांजा जब्त कर लगभग 32 लाख 34 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है। प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

**शिवपुरी**

जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 11.53 ग्राम एवं 106 ग्राम स्मैक, 52 हजार नगद तथा मोटरसाइकिल सहित लगभग 30 लाख 52 हजार रूपए की संपत्ति जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भोपाल मंडल में जागरुकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



*भोपाल स्टेशन पर यात्रियों को नुक्कड़ नाटक एवं कपड़े के थैले वितरित कर पर्यावरण के प्रति किया जागरूक*

भोपाल (निप्र)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 05 जून को भोपाल मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भोपाल मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर भोपाल मंडल की स्काउट एवं सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली का संदेश दिया गया। कलाकारों ने पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ एवं धरती बचाओ जैसे नारों के माध्यम से यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों एवं उपस्थित जनों को कपड़े के थैलों का वितरण भी किया गया तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। नाटक में यह संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया कि वृक्ष मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं और इनके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। कार्यक्रम को उपस्थित सभी लोगों ने सराहा तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में इसे एक सफल पहल बताया। इसी क्रम में उप मंडल रेल चिकित्सालय, बीना में पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चिकित्सालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ कपड़े के थैलों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्काउट श्री विजय सिंह, मुख्य मंडल चिकित्सा अधिकारी एवं जिला आयुक्त गाइड श्रीमती श्रुति मेढकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया सहित, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्य वित्त आयोग 6 जून को करेगा नर्मदापुरम का दौरा

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग 6 जून को नर्मदापुरम संभाग की समीक्षा करेगा, जिसमें संबंधित जिलों के कलेक्टर्स, नगर पालिका अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। राज्य वित्त आयोग ने शुक्रवार को मंत्रालय में वित्त विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं वाणिज्यिक कर विभाग की समीक्षा बैठक की। देश में स्थानीय स्व शासन और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने के लिए राज्य वित्त आयोग ने एक बड़ा कदम उठाया है। आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति, राजस्व स्रोतों और बजटीय प्रबंधन को लेकर मैराथन मंथन हुआ। बैठक में राज्य वित्त आयोग के सदस्य के.के. सिंह एवं सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे। महत्वपूर्ण बैठक में वित्त विभाग, वाणिज्यिक कर विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के शीर्ष अधिकारियों ने हिस्सा लिया। आयोग के अध्यक्ष श्री पवैया ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों की दीर्घकालिक वित्तीय सुदृढ़ता के लिए एक ठोस रोडमैप तैयार किया जा रहा है, जिसके लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तथ्यों और आंकड़ों का संकलन कर विस्तृत अनुशंसाएं तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रकृति मित्र बनकर धरती माता का आंगन हरा-भरा रखने के लिए लगायें पेड़ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**पेक्स में गड़बड़ी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, समिति पूर्ववत् रहेगी संचालित**




भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें भविष्य के लिए सचेत हो जाने का संकेत देता है। यह दिवस याद दिलाता है कि हमें अपना और अपनी पीढ़ियों के भविष्य को बचाये रखने के लिये पेड़ लगाने होंगे, पानी बचाना होगा, प्रदूषण कम करना होगा, तभी हमारी यह धरती बची रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति का मित्र बनना होगा। हम यदि आज नहीं संभले तो जलवायु परिवर्तन से हमारे अस्तित्व पर संकट का खतरा मंडराने लगेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से कहा कि अपनी धरती माता का आंगन स्वच्छ एवं हरा-भरा रखने के लिए हम सब कम से कम एक-एक पेड़ अवश्य लगायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपेक्स बैंक परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान अंतर्गत आम का पौधा भी रोपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'बिना सहकार, नहीं उद्धार' का नारा उदघोष करते हुए कहा कि हम प्रदेश में सहकारिता से समृद्धि लाने के लिए प्रयासरत है। दूध का उत्पादन बढ़ाकर हम किसानों, पशुपालकों का जीवन सँवारेंगे और मध्यप्रदेश को देश की 'मिल्क कैपिटल'' बनायेंगे। अपेक्स बैंक द्वारा प्रदेशव्यापी हरित सहकार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत अपेक्स बैंक मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी जिला सहकारी बैंक एवं प्रत्येक प्राथमिक साख सहकारी समिति (पेक्स) में सघन पौधरोपण महाभियान चलाया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर शुक्रवार को अपेक्स बैंक के नेतृत्व में प्रदेश भर में एक साथ 1 लाख पौधे लगाये गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में सरकार के एक विशेष प्रावधान के बारे में कहा कि अगर प्राथमिक सहकारी समिति (पेक्स) में कोई अधिकारी-कर्मचारी गड़बड़ी करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और साइबर सुरक्षा भविष्य की अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार : मंत्री श्री टेटवाल

### साइबर सिक्योरिटी एवं एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन 4 से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल



भोपाल (ए.)। कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और साइबर सुरक्षा जैसे उभरते क्षेत्र भविष्य की अर्थव्यवस्था और रोजगार के प्रमुख आधार हैं। वर्तमान डिजिटल युग में डेटा एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संपदा बन चुका है। इसके संरक्षण और सुरक्षित उपयोग में साइबर सुरक्षा की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सैनिक देश की भौतिक सीमाओं की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ राष्ट्र की डिजिटल सीमाओं के प्रहरी हैं। मंत्री श्री टेटवाल शुक्रवार को ग्लोबल स्किल पार्क, भोपाल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय साइबर सिक्योरिटी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम-2026 के दूसरे दिन आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में भोपाल के विभिन्न तकनीकी एवं इंजीनियरिंग संस्थानों के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मंत्री श्री टेटवाल ने विद्यार्थियों से निरंतर सीखने, नवाचार को अपनाने, साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने, रोजगार खोजने के बजाय रोजगार सृजक बनने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाने और तकनीकी रूप से सशक्त मानव संसाधन तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। एमपीएसईडीसी की मुख्य महाप्रबंधक सुश्री शिवांगी जोशी ने कहा कि मध्यप्रदेश को प्रौद्योगिकी एवं नवाचार का अग्रणी केंद्र बनाने में कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## सुप्रीम कोर्ट ने की अंतर्राष्ट्रीय बाघ अवयव तस्करी के आरोपी की ट्रांसफर याचिका खारिज

भोपाल (ए.)। सर्वोच्च न्यायालय ने मध्यप्रदेश में बाघों के अवैध शिकार एवं उनके अवयवों की अंतर्राष्ट्रीय तस्करी के आरोपी जामखानकाप निवासी थुम्पुई, जिला आइजोल (मिजोरम) की ट्रांसफर याचिका को खारिज कर दिया है। बाघ अवयवों की तस्करी से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क के विरुद्ध चल रही कार्रवाई की श्रृंखला में सर्वोच्च न्यायलय की यह कार्यवाही स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की महत्वपूर्ण सफलता है। वन विभाग के अधिकारियों ने इसे वन्यजीव अपराधों के प्रभावी अभियोजन की दिशा में बड़ी सफलता बताया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी एक वर्ष से अधिक समय से न्यायिक अभिरक्षा में है तथा मामले की विवेचना अभी जारी है। बालाघाट में बाघ का शिकार कर उसकी खाल एवं हड्डियों को अवैध रूप से खरीदकर असम और मिजोरम में बेचने तथा म्यांमार के रास्ते चीन तक तस्करी करने वाले संगठित गिरोह के विरुद्ध स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में हरियाणा निवासी आरोपी सोनू सिंह बावरिया को गिरफ्तार कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है इस प्रकरण में अब तक 6 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। प्रकरण की विवेचना अभी जारी है।

# रेल मंत्री ने किया गुड़गांव रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, कामगार दशरथ कुमार को दिलाया अमृत भारत एक्सप्रेस का टिकट

भोपाल (निप्र)। आज माननीय रेल मंत्री ने गुड़गांव रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर चल रहे विश्वस्तरीय पुनर्विकास (Redevelopment) कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 300 करोड़ की लागत से किया जा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री ने हमेशा की तरह जमीन से जुड़े नेतृत्व का परिचय देते हुए स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने यात्रियों से रेलवे की सेवाओं, उनके अनुभवों और यात्रा के दौरान आने वाली परेशानियों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

**कामगार की इच्छा पर रेल मंत्री का त्वरित एक्शन**

इस दौरे का सबसे भावुक और ऐतिहासिक पल तब आया जब रेल मंत्री ने स्टेशन के पुनर्विकास कार्य में दिन-रात जुटे निर्माण कामगारों (W ork-ers) से बातचीत की। संवाद के दौरान वहां काम कर रहे कामगार दशरथ कुमार और उनके साथियों ने रेल मंत्री से देश की आधुनिक अमृत भारत एक्सप्रेस में सफर करने की अपनी तीव्र इच्छा व्यक्त की। कामगारों की इस सरल और निश्छल इच्छा को सुनकर रेल मंत्री ने संवेदनशीलता और तत्परता



दिखाई। उन्होंने बिना एक पल गंवाए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए और दशरथ कुमार की इच्छा पूरी करते हुए उन्हें नई दिल्ली-पटना अमृत भारत एक्सप्रेस का कन्फर्म टिकट तुरंत उपलब्ध कराया। टिकट हाथ में आते ही दशरथ कुमार और उनके साथियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने माननीय रेल मंत्री के इस सहृदय व्यवहार के लिए उनका सहर्ष आभार व्यक्त किया।

## रायसेन-भोपाल मार्ग पर दो बसों की भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौत, 35 मुसाफिर घायल

रायसेन (ए.)। रायसेन-भोपाल नेशनल हाईवे शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे का गवाह बना। सेहतगंज फैक्ट्री के पास पेट्रोल पंप के नजदीक सागर से भोपाल जा रही शक्ति ट्रैवल्स और भोपाल से सागर लौट रही कल्पना ट्रैवल्स की बसें आमने-सामने टकरा गईं। पलभर में हाईवे



चीख-पुकार से गूंज उठा। हादसे में एक मासूम समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 35 यात्री घायल हुए हैं। कई की हालत नाजुक होने से मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

दोनों बसें तेज रफ्तार में थीं। सिंगल लेन सड़क पर ओवरटेक के प्रयास में चालकों का नियंत्रण बिगड़ गया और बसें सीधी भिड़ गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बसों के केबिन पिचक गए। खिड़की के पास बैठे यात्री सबसे ज्यादा चोटिल हुए। बता दें कि पहले पांच लोगों के मौत की सूचना आई थी, पर बाद में तीन मौतों की पुष्टि की गई।

**शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला**

धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और पेट्रोल पंप कर्मचारी दौड़े। शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही गैरतगंज थाना पुलिस, डायल-100 और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने खुद मोर्चा संभाला। घायलों को गैरतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। 12 गंभीर घायलों को भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है।

**डेढ़ घंटे तक हाईवे जाम**

कलेक्टर विश्वकर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही सामने आई है। सिंगल लेन पर हैवी ट्रैफिक के बीच बसें 80 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से दौड़ रही थीं। हादसे के बाद करीब डेढ़ घंटे तक हाईवे जाम रहा। क्रेन से क्षतिग्रस्त बसें हटाने के बाद यातायात सामान्य हुआ।

# कोयला खदान में बड़ा हादसा, छत धंसने से दो मजदूरों की मौत; चार श्रमिक हुए घायल उपचार जारी

शहडोल (ए.)। शहडोल के धनपुरी थाना क्षेत्र में स्थित एसईसीएल के सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत बंगवार भूमिगत कोयला खदान में शुक्रवार को कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। खदान में स्टॉपिंग वाल निर्माण कार्य के दौरान अचानक छत का एक हिस्सा ढह जाने से दो मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, चार ठेका मजदूर घायल हो गए। वहीं, घायलों में प्रेम लाल विश्वकर्मा ,राजकुमार यादव, अमित यादव व अंजनी बैगा का नाम अभी सामने आया है।

मृतकों की पहचान बल्लू कोल और गोलू बैगा के रूप में हुई है। यह दुर्घटना दूसरी पाली में दोपहर करीब 3-30 बजे हुई। उस समय मजदूर खदान के भीतर स्टॉपिंग वॉल निर्माण कार्य में लगे हुए थे।



अचानक छत का हिस्सा गिरने से मजदूर मलबे की चपेट में आ गए। हादसे के बाद खदान परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देर शाम तक चार घायल मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था, जबकि अन्य प्रभावित श्रमिकों को भी राहत दल की मदद से बाहर लाने का कार्य जारी रहा।

**छत का कमजोर हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा**

बताया जा रहा है कि मजदूर खदान के भीतर स्टॉपिंग वाल निर्माण कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान छत का कमजोर हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। मिट्टी और चट्टानों के मलबे की चपेट में आने से कई मजदूर घायल हो गए। हादसे के बाद खदान के अंदर मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना प्रबंधन को दी।

**गंभीर घायलों को किया गया रेफर**

घटना की जानकारी मिलते ही खदान प्रबंधन, सुरक्षा अधिकारी और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। खदान के भीतर फंसे मजदूरों को सावधानीपूर्वक बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। मौके पर मौजूद चिकित्सा दल ने कुछ घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए रेफर करने की प्रक्रिया शुरू की।

**कार्यस्थल की संरचनात्मक स्थिति की जांच शुरू**

घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से केंद्रीय चिकित्सालय बुढ़ार तथा जिला अस्पताल शहडोल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार कुछ मजदूरों की हालत स्थिर है, जबकि कुछ को निगरानी में रखा गया है।

## गंजबासौदा में युवक की हत्या से आक्रोश; शव रखकर किया चक्काजाम, आरोपियों को फांसी की मांग



विदिशा (ए.)। गंजबासौदा नगर शुक्रवार को गम और गुस्से से उबल पड़ा। उदयपुर की जिंद बाबा पहाड़ी पर 18 वर्षीय कन्हैयालाल अहिरवार की लाश मिलने के बाद परिजनों और समाजजनों का सब्र टूट गया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गंज पहुंचा, आक्रोशित लोगों ने जय स्तंभ चौक पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। हत्यारों को फांसी देने और पीड़ित परिवार की एक बहन को सरकारी नौकरी देने की मांग पर लोग अड़ गए। करीब एक घंटे तक मार्ग अवरुद्ध रहा। सूचना पर सिटी थाना प्रभारी संजय वेदियां दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर जाम खुलवाया। कन्हैयालाल गंज मोहल्ले का रहने वाला था। चार बहनों में इकलौता भाई था। पिता की मौत के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी उसके कंधों पर थी। ई-रिक्शा चलाकर वह परिवार का पेट पाल रहा था। परिजनों ने बताया कि 1 जून की शाम वह उदयपुर सवारी छोड़ने गया था।

## सड़क दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे आरक्षक से मारपीट करना पड़ा भारी, पांच नामजद आरोपियों पर केस दर्ज

शहडोल (ए.)। शहडोल में पुलिस आरक्षक के साथ मारपीट करना भारी पड़ गया। सीधी थाना क्षेत्र के चरहेट गांव में डायल 112 में तैनात एक आरक्षक के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में आरक्षक के सिर में चोट आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चरहेट गांव में एक साइकिल और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गई थी, जिसमें साइकिल सवार व्यक्ति घायल हो गया। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई।

## टीकमगढ़ में नाबालिग छात्र के साथ की गई बेरहमी, मारपीट के बाद बनाया आपत्तिजनक वीडियो; एसपी से लगाई गुहार




टीकमगढ़ (ए.)। टीकमगढ़ शहर में एक नाबालिग छात्र के साथ कथित रूप से हुई अमानवीय घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। डरे-सहमे छात्र को साथ लेकर उसके परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। परिजनों का कहना है कि उनके बेटे के साथ जो कुछ हुआ, उसने पूरे परिवार को मानसिक रूप से तोड़ दिया है। शिकायत के अनुसार, पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत नाबालिग छात्र को परिचित व्यक्ति द्वारा किसी बहाने से बुलाया गया। आरोप है कि उसे एक घर में ले जाकर बंधक बना लिया गया। इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई और उसे डराने-धमकाने के लिए कट्टा दिखाया गया। परिजनों का आरोप है कि छात्र के कपड़े उतरवाए गए और उसकी आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। इतना ही नहीं, वीडियो को वायरल करने और किसी को घटना बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई।

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे परिजन**

बताया जा रहा है कि घटना के बाद छात्र काफी समय तक भय और तनाव में रहा। जब उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ने लगी तो उसने पूरी आपबीती अपने परिवार को बताई।

## आवारा कुत्ते का खौफ, सात ग्रामीणों व चार मवेशियों को बुरी तरह से काटा; 80 साल के बुजुर्ग के लगे 35 टांके

श्योपुर (ए.)। श्योपुर के ददूनी गांव में पागल हो चुके आवारा व पागल कुत्ते ने तड़के से ही हमले शुरू कर दिए। महज कुछ घंटों के भीतर कुत्ते ने 4 साल की मासूम समेत 7 लोगों और 4 दुधारू भैंसों को काटकर लहूलुहान कर दिया। हमले की चपेट में सबसे ज्यादा 80 वर्षीय बुजुर्ग नारायण सिंह जाट आए, जिनके चेहरे और जांघ पर गहरे जख्म होने से 35 टांके लगे हैं। घटना के बाद से पूरा गांव सहमा हुआ है। लोग बच्चों को घरों में कैद कर बाहर निकलने से कतरा रहे हैं।

गुरुवार रात करीब 10 बजे से कुत्ते की हरकतें बदल गईं थीं। सबसे पहले उसने खेत से लौट रहे गोलू मेहरा पर झपट्टा मारा। शोर सुनकर दौड़े सत्येंद्र जाट और दीनदयाल मेहरा को भी कुत्ते ने काट लिया। रातभर गांव





के कुत्ते भौंकते रहे, लेकिन अंधेरे में किसी को अंदाजा नहीं था कि सुबह क्या होने वाला है।

**चारा डालने के वक्त बनाया शिकार**

सुबह नारायण सिंह जाट मवेशियों को चारा डालने बाड़े की ओर जा रहे थे। तभी घात लगाए कुत्ते ने उन पर हमला बोल दिया। सीधे मुंह और गाल पर काटा।

बुजुर्ग लहूलुहान होकर गिर पड़े। चीख सुनकर परिजन दौड़े और लाठी-डंडों से कुत्ते को भगाया। पर तब तक कुत्ता जांघ पर भी कई जगह काट चुका था। परिजन तुरंत उन्हें श्योपुर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने 35 टांके लगाये फिलहाल अस्पताल में भर्ती है हालत गंभीर बताई है।

# व्यापार समाचार



## सोने के भाव में 949 रुपए, चांदी में 4,772 की गिरावट

**- सोने के भाव 1,58,450 रुपए, चांदी 2,60,024 रुपए प्रति किलोग्राम**

नई दिल्ली (ए.)। सोने-चांदी के भाव में शुक्रवार को सुस्ती देखने को मिल रही है। दोनों के भाव शुक्रवार को गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,58,450 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,61,100 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के भाव नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 949 रुपये की गिरावट के साथ 1,58,598 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,59,547 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,106 रुपये की गिरावट के साथ 1,58,441 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,58,598 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,58,213 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 4,772 रुपये की गिरावट के साथ 2,60,024 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 2,64,796 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 3,697 रुपये की गिरावट के साथ 2,61,099 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 2,61,231 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 2,59,167 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 4,503 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 4,505 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 36.10 डॉलर की गिरावट के साथ 4,468.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने इस साल 5,586.20 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

## नीलकंठ मिश्रा होंगे विश्व बैंक में भारत के प्रतिनिधि, वैश्विक आर्थिक मंच पर निभाएंगे अहम भूमिका

नई दिल्ली (ए.)। एक महत्वपूर्ण निर्णय में वरिष्ठ अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा को विश्व बैंक में भारत का कार्यकारी निदेशक (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है। वह वॉशिंगटन डीसी स्थित विश्व बैंक मुख्यालय में तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए यह जिम्मेदारी संभालेंगे। नीलकंठ मिश्रा, परमेश्वरन अय्यर की जगह यह पद संभालेंगे। अय्यर का कार्यकाल तब तक बढ़ाया गया है, जब तक मिश्रा आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण नहीं कर लेते। मिश्रा वर्तमान में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अंशकालिक सदस्य भी हैं। विश्व बैंक के बोर्ड में वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# महंगाई और वैश्विक संकट के बीच आरबीआई ने रेपो रेट 5.25 फीसदी पर रखा स्थिर

**- लोन की ईएमआई में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी, ब्याज स्थिर रहेगा**

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमसीसी) ने शुक्रवार को रेपो रेट में महंगाई और वैश्विक संकट के बीच कोई बदलाव नहीं किया और इसे 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा। इसका मतलब है कि आपके लोन की ईएमआई में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी, आपके लोन का ब्याज स्थिर रहेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि दुनिया भर की आर्थिक परिस्थितियां अप्रैल की पिछली मौद्रिक नीति बैठक के बाद और चुनौतीपूर्ण हो गई हैं। संजय मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और नाजुक युद्धविराम के कारण वैश्विक माहौल कमजोर हुआ है। इससे आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधा और ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इन कारणों से आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी पड़ सकती है और महंगाई बढ़ने का खतरा भी बना हुआ है। आरबीआई गवर्नर के अनुसार वैश्विक झटकों के बावजूद खुदरा महंगाई अभी केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। इसका कारण यह है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर घरेलू बाजार पर सीमित रहा है। हालांकि आने वाले समय में महंगाई बढ़कर आरबीआई की तय सीमा के ऊपरी स्तर के करीब पहुंच सकती है। मौद्रिक नीति समिति का मानना है कि महंगाई बढ़ने के जोखिम पहले




की तुलना में ज्यादा हो गए हैं। ऐसे में स्थिति को और स्पष्ट होने देने के लिए फिलहाल इंतजार करना उचित रहेगा। इसी वजह से समिति ने रेपो रेट को स्थिर रखने का फैसला किया। आरबीआई ने यह भी कहा कि वह आगे के फैसले आर्थिक आंकड़ों और बाजार की परिस्थितियों को देखकर लेगा। साथ ही एमपीसी ने अपना न्यूट्रल रुख भी बरकरार रखा है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.6 फीसदी रही। इसमें निजी खपत, निवेश, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र का बड़ा योगदान रहा।

## रुपया 11 पैसे मजबूत होकर 95.63 प्रति डॉलर पर खुला

**- रुपया पिछले दिन 95.74 पर बंद हुआ था**



मुंबई (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति निर्णय से पहले रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 11 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.63 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.72 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में 95.63 प्रति डॉलर तक पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की मजबूती दर्शाता है।

## उतार-चढ़ाव के बाद फिसला बाजार, सेंसेक्स 116 अंक टूटा, निफ्टी 23400 से नीचे

नई दिल्ली (ए.)। घरेलू शेयर बाजार में भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के फैले के दिन बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। शुरुआती कारोबार में मजबूती के




बावजूद बाजार में निवेशकों के बीच भ्रम की स्थिति दिखी, जिससे उतार-चढ़ाव को बढ़ावा मिला। आखिरकार प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर बंद हुए।

30 शेयरों वाला सेंसेक्स 116.67 (-0.15%) अंकों की गिरावट के साथ 74,243.34 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 38 शेयरों का निफ्टी 49.85 (-0.21%) अंक टूटकर 23,366.70 के स्तर पर बंद हुआ। आरबीआई के नीतिगत फैसले के एलानों के बाद रुपया डॉलर के मुकाबले 79 पैसे बढ़कर 94.95 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विप्रो और हिंडाल्को लगभग तीन-तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

**5.25% पर स्थिर रहा रेपो रेट, महंगाई बढ़ने की चिंता ने बढ़ाया तनाव**

शेयर बाजार में इस उतार-चढ़ाव और असमंजस की मुख्य वजह शुक्रवार को आए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले रहे। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ऐलान किया कि एमपीसी ने सर्वसम्मति से प्रमुख नीतिगत दर (रेपो रेट) को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने और 'तटस्थ' रुख अपनाने का निर्णय लिया है।

## महाशक्ति बनने की ओर भारतः 2060 तक ग्लोबल जीडीपी में चीन को पछाड़ देगा देश, वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब का बड़ा दावा



नई दिल्ली (ए.)। वैश्विक अर्थव्यवस्था के पटल पर आने वाले दशक बड़े ऐतिहासिक बदलावों के गवाह बनने वाले हैं। भारत अपनी तेज आर्थिक और जनसांख्यिकीय रफ्तार के दम पर साल 2060 तक क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सेदारी के मामले में चीन को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है। पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (पीएसई) से जुड़ी शोध संस्था 'वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब' (डब्ल्यूआईलैब) की एक ताजा रिपोर्ट में यह अहम अनुमान लगाया गया है। यह रिपोर्ट इस बात की ओर इशारा करती है कि 21वीं सदी के उत्तरार्ध में बीजिंग के आर्थिक दबदबे में तेज गिरावट आएगी और दुनिया एक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ेगी।

**चीन की जनसांख्यिकीय चुनौती और भारत का उदय**

'ग्लोबल जस्टिस रिपोर्ट- ए प्लान फॉर इक्वैलिटी एंड प्रोस्पेरिटी विद प्लैनेटरी बाउंड्रीज' नामक इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में पीपीपी के लिहाज से वैश्विक जीडीपी में चीन की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है, जो अमेरिका से करीब एक-तिहाई अधिक है। रिपोर्ट का अनुमान है कि साल 2035 तक चीन का यह आंकड़ा अमेरिका के मुकाबले दोगुना हो जाएगा।

हालांकि, चीन की सबसे बड़ी और दीर्घकालिक चुनौती उसकी तेजी से घटती आबादी है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 1945 में दुनिया की कुल आबादी में चीन की हिस्सेदारी 23 प्रतिशत थी, जो 2025 में घटकर लगभग 17 प्रतिशत रह गई है और 2100 तक इसके 8 प्रतिशत से भी कम होने की आशंका है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## स्कूली शिक्षा गंभीर संकट का सामना कर रही

शिक्षा का प्रसार करने में भारत सफल है, मगर स्कूल से यूनिवर्सिटी तक लर्निंग क्वालिटी, तर्क-बुद्धि, शिक्षक क्षमता और रोजगार लायक योग्यता प्रदान करने के मामले में वह गहरे संकट का सामना कर रहा है।

गुणवत्ता संपन्न ज्ञान एवं तर्क क्षमता प्रदान करने के मामले में भारत की स्कूली शिक्षा गंभीर संकट का सामना कर रही है। नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट- 'भारत में स्कूल शिक्षा प्रणाली: सामयिक विश्लेषण एवं गुणवत्ता वृद्धि के लिए नीतिगत मार्ग'- में यह बात स्वीकार की है। आयोग ने ये विस्तृत रिपोर्ट यूडीआईएसई+, एनएएस, प्रदर्शन आकलन समीक्षा, परख और असर रिपोर्टों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर तैयार की है। एक वाक्य में इसका सार है- 'शिक्षा का प्रसार करने में भारत ने सफलता हासिल की है, मगर लर्निंग क्वालिटी, शिक्षक क्षमता, और रोजगार पाने लायक योग्यता' प्रदान करने जैसे मामलों में वह गहरे संकट का सामना कर रहा है।'

प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक यही सूरत मौजूद है। स्पष्टतः शिक्षा के प्रसार से मतलब स्कूलों में दाखिले से है। आज देश में 14.7 लाख स्कूल, तकरीबन 24.7 करोड़ बच्चे और एक करोड़ शिक्षक हैं। मगर बुनियादी ज्ञान प्राप्त एवं प्रदान करने के मोर्चे पर स्थिति नाजुक है। ऊंचे क्लास में पहुंच जाने के बावजूद ज्यादातर छात्र निचले वर्ग का पाठ पढ़ने या अंकगणित के प्रश्नों को हल करने में नाकाम बने रहते हैं। क्लास बढ़ने के साथ समस्या बढ़ती चली जाती है। कई राज्यों के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता कमजोर है, शिक्षा का स्तर अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्ध्या के योग्य नहीं है, शिक्षा संस्थान फंडिंग और संचालन संबंधी समस्याओं से ग्रस्त हैं और इन सबका नतीजा है कि डिग्री लेकर निकले छात्रों को बाजार रोजगार के योग्य नहीं मानता।

आयोग ने कहा है कि बिखराव- ग्रस्त स्कूल प्रणाली, शिक्षकों की कमी, और असमान लर्निंग की स्थिति जैसे मसलों को हल नहीं किया गया, तो प्रगति का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकेगा। रिपोर्ट में शिक्षा व्यवस्था में आमूल सुधार की जरूरत बताई गई है। आधुनिक दौर के मुताबिक इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्मित करने का सुझाव दिया गया है। मगर ये होगा कैसे ? बजट पर गौर करें, तो साफ है शिक्षा सरकारों की प्राथमिकता नहीं है। ऊपर से ज्ञान एवं तर्क विरोधी माहौल राजनीतिक परियोजना के तहत बनाया जा रहा है। ऐसे में छात्र सीखने एवं तर्क करने की दिशा में कैसे प्रेरित होंगे ?

## गरीब मरीज पूछ रहा है- क्या मेरा जीवन इतना सस्ता है?

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

स्वास्थ्य व्यवस्था की असली परीक्षा अस्पतालों की इमारतों से नहीं, मरीज को समय पर मिलने वाले उपचार से होती है। दुर्भाग्य से, देश की चिकित्सा व्यवस्था के सर्वोच्च प्रतीकों में गिने जाने वाले एम्स भी अब लंबी प्रतीक्षा की समस्या से जूझ रहे हैं। एम्स भोपाल में गैर-इमरजेंसी (रूटीन) केस में कई मरीजों को सीटी स्कैन या एमआरआई जैसी जरूरी जांच के लिए तीन-चार माह इंतजार करना पड़े, तो यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का संकेत है। बीमारी न प्रशासनिक प्रक्रियाओं का इंतजार करती है, न सरकारी गति का; वह हर दिन गंभीर होती जाती है। ऐसे में 120 दिन बाद जांच की तारीख मिलना एक चिंताजनक प्रश्न खड़ा करता है—इसका बोझ आखिर कौन उठाएगा, मरीज, उसका परिवार या उसका जीवन ?

एम्स भोपाल की लंबी वेटिंग लिस्ट अब केवल एक अस्पताल की समस्या नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पुरानी चुनौती का प्रतीक बन गई है। कम खर्च में बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए सस्ता इलाज भी तब बेमानी हो जाता है, जब जरूरी जांच ही महीनों बाद उपलब्ध हो। पेट के असहनीय दर्द, कैंसर की आशंका, मस्तिष्क रोग या अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज यदि केवल व्यवस्थागत कमी के कारण चार माह प्रतीक्षा करने को विवश हों, तो यह स्वास्थ्य सेवा नहीं, संवेदनहीनता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बीमारी किसी वेटिंग लिस्ट का इंतजार नहीं करती; वह लगातार बढ़ती जाती है और कई बार उपचार की संभावनाओं को भी सीमित कर देती है।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला विवाहित पुत्रियों को भी मिलेगा समान अधिकार

**– कांतिलाल मांडोत**



भारत का संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान करता है। समय के साथ न्यायपालिका ने अनेक ऐसे निर्णय दिए हैं जिन्होंने समाज में व्याप्त भेदभावपूर्ण व्यवस्थाओं को चुनौती दी है और समान अधिकारों की अवधारणा को मजबूत किया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि केवल वैवाहिक स्थिति के आधार पर किसी पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति अथवा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। यह निर्णय न केवल महिलाओं के अधिकारों को सशक्त बनाता है बल्कि समाज में लंबे समय से चली आ रही रूढ़ियों को भी चुनौती देता है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन फैसलों को रद्द कर दिया जिनमें कहा गया था कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए परिवार की परिभाषा में विवाहित बेटी शामिल नहीं होती। न्यायालय ने कहा कि किसी भी कल्याणकारी योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सहायता प्रदान करना होता है और यदि कोई पुत्री विवाह के बाद भी अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही है तो उसे केवल विवाहित होने के आधार पर योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता।यह मामला एक विवाहित पुत्री से जुड़ा था जिसने उचित मूल्य की दुकान के लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। उसने वर्ष 2019 के उस सरकारी आदेश को चुनौती दी थी जिसमें विवाहित बेटियों को परिवार की परिभाषा से बाहर रखा गया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि वह विवाह के बाद भी अपने माता पिता के परिवार के साथ रह रही थी। वह अपनी विकलांग बहन की देखभाल करती थी और अपनी मां के साथ दुकान के संचालन में भी सहयोग करती थी। मां की मृत्यु के बाद जब उसने लाइसेंस के लिए आवेदन किया तो उसका आवेदन केवल इस आधार पर अस्वीकार कर दिया गया कि वह विवाहित है।

मामले की सुनवाई के दौरान यह महत्वपूर्ण प्रश्न उठा कि जब विवाहित पुत्रों पर ऐसी कोई रोक नहीं है तो फिर विवाहित पुत्रियों को परिवार का सदस्य मानने से क्यों इंकार किया जाता है। यह प्रश्न केवल एक व्यक्ति के अधिकार का नहीं था बल्कि देश की लाखों महिलाओं से जुड़ा हुआ था जो विवाह के बाद भी अपने माता पिता और परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करती हैं। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वैवाहिक स्थिति किसी व्यक्ति के अधिकारों को निर्धारित करने का आधार नहीं हो सकती। यदि कोई महिला अपने परिवार के साथ जुड़ी हुई है और उनकी जिम्मेदारियां निभा रही है तो उसे केवल इसलिए योजनाओं से बाहर नहीं किया जा सकता क्योंकि उसका विवाह हो चुका है। न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसी सोच संविधान के समानता के सिद्धांत के विपरीत है। इस निर्णय का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि भारतीय समाज में लंबे समय तक यह धारणा रही है कि विवाह के बाद बेटी अपने मायके के परिवार का हिस्सा नहीं रहती। जबकि वास्तविकता यह है कि आज बड़ी संख्या में बेटियां अपने माता पिता की देखभाल करती हैं और आर्थिक तथा सामाजिक जिम्मेदारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अनेक परिवारों में बेटियां ही माता पिता का सहारा होती हैं। ऐसे में उन्हें अधिकारों और योजनाओं से वंचित करना न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में बॉम्बे हाईकोर्ट और कर्नाटक हाईकोर्ट के उन निर्णयों का भी समर्थन किया जिनमें यह माना गया था कि किसी महिला को केवल उसकी वैवाहिक स्थिति के कारण कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। यह दृष्टिकोण आधुनिक भारत की सामाजिक वास्तविकताओं के अधिक अनुरूप है।

अनुकंपा नियुक्ति का मूल उद्देश्य किसी कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसके परिवार को आर्थिक संकट से उबारना होता है। यदि परिवार का कोई सदस्य वास्तव में आश्रित है और परिवार की जिम्मेदारियां संभाल रहा है तो उसके अधिकार का मूल्यांकन उसकी वैवाहिक स्थिति के आधार पर नहीं बल्कि उसकी वास्तविक परिस्थितियों के आधार पर होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी सिद्धांत को मजबूत करता है।

यह फैसला महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। जब महिलाओं को समान अवसर और अधिकार मिलते हैं तब वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के विकास में योगदान देती हैं। न्यायालय का यह निर्णय सरकारी नीतियों और योजनाओं में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाला माना जाएगा।

इस फैसले का प्रभाव केवल अनुकंपा नियुक्ति तक सीमित नहीं रहेगा। भविष्य में विभिन्न सरकारी योजनाओं और लाभों से जुड़े मामलों में भी यह निर्णय एक महत्वपूर्ण मिसाल बनेगा। इससे उन नियमों और प्रावधानों की समीक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा जिनमें विवाह को महिलाओं के अधिकार सीमित करने का आधार बनाया गया है।

आज भारत तेजी से बदल रहा है। शिक्षा रोजगार और सामाजिक भागीदारी के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में न्यायपालिका के इस प्रकार के निर्णय समाज को अधिक न्यायपूर्ण और समानतापूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले से स्पष्ट संदेश दिया है कि बेटी चाहे विवाहित हो या अविवाहित उसके अधिकार समान हैं और उसे केवल वैवाहिक स्थिति के आधार पर किसी योजना से वंचित नहीं किया जा सकता। यह निर्णय संविधान की भावना के अनुरूप है और महिलाओं के सम्मान तथा समानता के अधिकार को नई मजबूती प्रदान करता है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य सहायता पहुंचाना है न कि भेदभाव करना। इसलिए किसी भी पात्र पुत्री को केवल विवाह के आधार पर योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रखा जा सकता। यह फैसला महिलाओं के अधिकारों की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और आने वाले समय में सामाजिक न्याय की नई मिसाल के रूप में याद किया जाएगा।

# तृणमूल कांग्रेस आखिर क्यों टूट टूट कर बिखरने की कगार पर है

**अजय दीक्षित**




तृणमूल कांग्रेस पश्चिमी बंगाल में टूट टूट कर बिखरने को है । यहां तक कि पचास विधायक,15 लोकसभा सांसद और 09 राजसभा सांसद, एक आद हजार पार्षद, मेयर, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के काउंसलर, कोलकाता की पूरी पार्षद दल, विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद घर बैठे हैं और पार्टी द्वारा बुलाए जाने पर भी कार्यक्रमों नहीं जा रहे हैं। अधिकतर लोग भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना चाहते हैं परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने तय किया है कि किसी को शामिल नहीं किया जाएगा। यद्यपि सूत्रों माने तो राज्य सभा सांसदों को कुछ रियायत मिलने के संकेत हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी को राज्य सभा में दो तिहाई बहुमत के लिए 15 सीट चाहिए क्योंकि उसके पास राजग की 148 सीट है।

तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी घर से निकलने हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। अभिषेक बनर्जी को ईडी सीबीआई का डर सता रहा है। बताया जाता है अभिषेक बनर्जी के पास २००करोड़ की नामी बेनामी संपत्ति है।

सरकार के  पूर्व मंत्री,कई विधायक,गुंडे, हफ्ता वसूली करने वाले, टोला वाजी करने वाले, बाग्लादेश मुस्लिम,सब परेशान हैं। पूरा बंगाल का रेडी, पटरी, अवैध मकान,जमीन घेरने वाले भाग रहे हैं या सीखचों का इतजार कर रहे हैं। जिसमें मुस्लिम अवैध धंधे बाज़,इनकी तो जैसे समत आ गई है।

टाइम्स ऑफ इंडिया के जयंत घोषाल कहते हैं कि जैसे बंगाल में अनुशासन आ गया है। हावड़ा जंक्शन, कोलकाता, मुर्शिदाबाद, मालदा, वीरभूमि, मेदिनीपुर, बांकुरा, चौबीस परगना, प्रेसीडेंसी कोलकाता,में जमकर अतिक्रमण तोड़े जा रहे है। 1978 बाद पहली बार ईद की नवाज़ सड़क पर नहीं हुई बल्कि परेड ग्राउंड में हुई कोई भाषण नहीं किया।किसी भी सड़क पर बंगाल कोई नवाज नहीं हुई । अभी तो मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी का पूरा मंत्री मंडल नहीं बना है।

जिस पर ऐसे हालात है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार ने बंगाल को चारसौ कंपनी बीएसएफ की दी है। सुबेंदु प्रतिदिन सुबह चार बजे से रात दो बजे तक सक्रिय है।अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी गए थे 1 लाख करोड़ प्रस्ताव सड़क,बिजली,पानी, नेशनल हाईवे, देकर आए जो शायद 15 जून केंद्रीय मंत्री परिषद बैठक में पास होगे। जिसमें शिक्षा का उन्नयन, विश्वविद्यालय,कला संस्कृति, अध्यात्म, पर्यटन,का विशेष पैकेज भी शामिल होगा।

पश्चिमी बंगाल में 1977 में लेफ्ट पार्टियों की सरकार बनी लेफ्ट पार्टियों ने कांग्रेस का दामन किया यहां तक कि पूरा लोकतंत्र का अपहरण कर लिया और विपक्ष को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया।23 वर्ष ज्योति बसु मुख्यमंत्री रहे और 11 वर्ष बुद्धदेव भट्टाचार्य मुख्यमंत्री रहे ।इन वर्षों में लेफ्ट पार्टियों ने बूथ जाम करने का नया तरीका ईजाद किया।

लेकिन ममता बनर्जी जैसी जुझारू महिला ने अकेले दम पर 34 साल की लेफ्ट पार्टियों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर में उखाड़ फेंका। लेकिन ममता बनर्जी 2016 तक तो कुछ हद तक लोकतांत्रिक रही थी लेकिन तुड़मूल ने भी लेफ्ट पार्टियों की तरह काम करना शुरू कर दिया। कट मनी, टोला वाजी, भ्रष्टाचार, भाई भतीजा बाद जम कर किया। लेफ्ट समाप्त होगयी थी ।2016 से पूर्व राष्टीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी जड़े जमाना शुरू कर दिया था। भारतीय जनता पार्टी 2016 विधानसभा चुनाव में मात्र 11 फीसदी वोट लाकर तीन सीट ही जीत सकी।2019 के लोकसभा चुनाव मील का पत्थर साबित हुआ भारतीय जनता पार्टी ने 40 फीसदी वोट लाकर

42 में से 18 सीट जीती थी।2024 लोकसभा में वोट शेयर 39 फीसदी रहा मगर सीट 12 रह गई । 2021के विधानसभा चुनाव को भारतीय जनता पार्टी ने पूरे दम खम से लड़ा और 40 फीसदी वोट लाकर 77 सीट 294 में से जीती यह अदभुत था ।2026 में भारतीय जनता पार्टी ने 46 फीसदी वोट लाकर 207 सीट जीती और ममता बनर्जी युग का अंत कर दिया।

अब ममता बनर्जी की तुड़मूल कांग्रेस के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है क्योंकि तुड़मूल विचारधारा की पार्टी नहीं है। उसके लोग पहले सीपीएम सीपीई आरएसपी लेफ्ट पार्टियों में थे।तृणमूल कांग्रेस अब हर स्तर पर बिखर रही हैं क्योंकि बंगाल में पार्टियों लोग धन कमाने रहते हैं।ये लोग हत्या, लूट, जुआ, अवैध शराब, कट मनी, टोला वाजी,में शामिल रहते हैं। बंगाल में पिछले 50 वर्षों में इन लोगों ने सभी उद्योग धंधे बंद करा दिए। भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासन पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी से कहा है कि बंगाल की कला संस्कृति, अध्यात्म, पर्यटन को जिंदा करने का कार्य करो।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज आप स्वस्थ और ऊर्जावान रहेंगे। व्यापार से रिलेटेड नई योजनाएं बना सकते हैं, जिससे आपकी आय के स्रोत खुलेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार होगा। निवेश करने के लिए अच्छा समय है। यात्रा पर जाने के योग हैं। आप अपनी पत्नी तथा बच्चों के साथ किसी मनपसंद जगह पर घूमने जाएंगे, जिससे आपकी उलझनें दूर होंगी।

वृष राशि: वृष राशि वालों आपके लिए आज का दिन खुशनुमा रहेगा। आज आपको कुछ नये लोगों से मिलने का अवसर मिलेगा। आपको नया प्रोजेक्ट मिलने के योग हैं। जिससे आपके प्रगति के रास्ते खुलेंगे। आपके व्यवसाय में बेहतर बदलाव होने की संभावना है, जो आपके आर्थिक स्तर को बेहतर बनाएगा। आज आप बहुत आनंदित रहेंगे। पारिवारिक दृष्टि से आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको माता-

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन लकी रहेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। इस दौरान आप केवल भाग्य के भरोसे न बैठकर बल्कि अच्छी मेहनत करेंगे। नौकरी में अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। कहीं की मनोरंजक यात्रा होने की संभावना है। आपका मन आज धार्मिक क्रिया-कलापों में भी खूब लगेगा।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। आपके व्यवसाय में लाभ मिलेगा। आय के साधन बढ़ेंगे। व्यापार से जुड़ी यात्रा फायदेमंद रहेगी। इस दौरान आप किसी से अपने व्यापार संबंधी सीक्रेट शेयर करने से बचें। अन्यथा दूसरा फायदा उठा सकता है।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज आपका हर काम सफलता पूर्वक संपन्न होगा। व्यावसायिक योजनाएं पूरी होंगी। कार्यस्थल पर आज ज्यादा काम होने की संभावना है, पर आप मेहनत और लगन से समय पर पूरा कर लेंगे और सहकर्मियों के बीच आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। घर में शुभ कार्य संपन्न होगा।

कन्या राशि:कन्या राशि वालों आज आपका दिन लकी रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा, जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा और आप दोनों के बीच आपसी रिश्ते और अच्छे होंगे। आप दोनों की रुचि धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़ेगी। नई नौकरी मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में मेहनत के बल पर सफलता हासिल कर लेंगे। व्यापारी वर्ग को बड़े लाभ के योग हैं।

तुला राशि:तुला राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके द्वारा बनाई गई योजना कारगर साबित होगी। अच्छा धन अर्जित करने में सफल होंगे। किसी तरह का निवेश करने से पहले अपने बड़ों से सलाह अवश्य लेंगे। मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने वाले जातक अपने टीम के सदस्यों के साथ तालमेल बिठाने में धैर्य से काम लें तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

वृश्चिक राशि:वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में चीजें आपके अनुकूल रहेंगी। घर में किसी नए मेहमान के आने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में बड़े सुधार के योग हैं। डिज़ाइनर्स को आज बड़ा लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बनेगा। आप अपने किसी क्लाइंट से वीडियो कॉल करके मीटिंग करेंगे। इस राशि के लोगों को आज के दिन कम्प्यूटर से रिलेटेड सामान खरीदना शुभ है। आज आपका रिश्तेदार आपके लिए उपहार लेकर आयेगा।

मकर राशि: मकर राशि वालों आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपके व्यवसाय में विस्तार के साथ आय के स्रोत विकसित होंगे। मैनेजमेंट की पढ़ाई करने वाले छात्रों को आज नई खबर मिल सकती है। जिससे उनका मनोबल ऊंचा होगा और आगे की पढ़ाई में सहयोग मिलेगा। आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग की भावना रहेगी। सेहत संबंधी समस्या है तो उससे छुटकारा मिलेगा। व्यवस्थित दिनचर्या एवं पौष्टिक आहार का पालन करें।

कुम्भ राशि:कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ आपका अच्छा बर्ताव आपकी सफलता में सहायक होगा। पदोन्नति के योग बनेंगे। आज आप स्वयं को ऊर्जावान महसूस करेंगे। साझेदारी में व्यापार करने वालों को सफलता मिलेगी। निवेश से लाभ के योग बन रहें हैं। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लेखन से जुड़े लोगों को शुभ समाचार मिल सकता है।

मीन राशि:मीन राशि वालों आपके लिए दिन खास रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आप अपने अनुभव से अच्छी सफलता हासिल करेंगे। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। पदोन्नति के योग बनेंगे। संगीत की शिक्षा ले रहे छात्रों को नये अवसर मिलेंगे। आपको कहीं अपनी कला प्रदर्शन का मौका मिल सकता है।

# नशाः राष्ट्र की जड़ों को खोखला करने वाली चुनौती

**– ललित गर्ग**

भारत आज विश्व की सबसे युवा आबादी वाले देशों में अग्रणी है। देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी सामर्थ्य, सबसे बड़ी पूंजी और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। विज्ञान, तकनीक, उद्योग, शिक्षा, खेल और नवाचार के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों के पीछे इसी युवा शक्ति का योगदान है। किंतु विडंबना यह है कि आज यही युवा वर्ग नशे के बढ़ते जाल में फंसता जा रहा है। नशा अब केवल व्यक्तिगत कमजोरी या स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। देश के विभिन्न भागों में समय-समय पर करोड़ों और अरबों रुपये मूल्य के मादक पदार्थों की बरामदगी यह प्रमाणित करती है कि नशे का कारोबार संगठित अपराध का एक विशाल अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क बन चुका है। विशेष रूप से पंजाब, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात तथा पूर्वोत्तर राज्यों में सीमापार से होने वाली तस्करी ने स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार हेरोइन, अफीम, चरस, कोकीन तथा सिंथेटिक ड्रग्स की बड़ी खेपों को पकड़ा जाना इस बात का संकेत है कि भारत को नशे के बड़े बाजार के रूप में देखा जा रहा है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो तथा विभिन्न सरकारी रिपोर्टों के अनुसार देश में लाखों युवा किसी न किसी प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन के आदी हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कराए गए एक व्यापक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि करोड़ों भारतीय तंबाकू, शराब और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं तथा उनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। चिंता की बात यह है कि स्कूल और कॉलेज स्तर तक नशे की पहुंच बढ़ रही है। अनेक राज्यों में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां किशोरों को ड्रग्स के वितरण और तस्करी में इस्तेमाल किया गया। नशे के बढ़ते संकट का एक राष्ट्रीय सुरक्षा पक्ष भी है। अनेक सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान प्रत्यक्ष युद्ध में लगातार असफल होने के बाद भारत को अस्थिर करने के लिए आतंकवाद, नकली मुद्रा और नशे की तस्करी जैसे छद्म युद्ध के हथियारों का उपयोग करता रहा है। पंजाब में लंबे समय से सीमा पार से ड्रोन और अन्य माध्यमों द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के मामले सामने आते रहे हैं। अब जम्मू-कश्मीर में भी नशे के बढ़ते प्रभाव को इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है। आतंकवाद की कम होती गतिविधियों के बीच नशे का फैलाव एक नए खतरे के रूप में उभर रहा है, जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को कमजोर करना और समाज की ऊर्जा को नष्ट करना है।

इसी संदर्भ में जम्मू-कश्मीर में प्रारंभ किया गया 'नशामुक्त जम्मू-कश्मीर' अभियान महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में चल रहा यह अभियान प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता पर भी बल देता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों, धार्मिक समूहों तथा आम नागरिकों को जोड़ने का प्रयास किया गया है। कुलगाम सहित कई क्षेत्रों में विभिन्न समुदायों द्वारा इस अभियान को समर्थन दिया जाना इस बात का संकेत है कि नशे जैसी समस्या का समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। वास्तव में नशे का सबसे दुखद और भयावह प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ता है। युवा जीवन ऊर्जा, सृजन और सपनों का प्रतीक होता है, किंतु नशा इन सभी संभावनाओं को नष्ट कर देता है। एक बार नशे की गिरफ्त में आने के बाद व्यक्ति धीरे-धीरे अपनी शारीरिक क्षमता, मानसिक संतुलन, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा खोने लगता है। उसका आत्मविश्वास कमजोर पड़ जाता है और वह अवसाद, तनाव तथा अपराध की दुनिया की ओर बढ़ सकता है। यही कारण है कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार को प्रभावित करता है। परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ती है, पारिवारिक संबंध टूटते हैं और सामाजिक जीवन में अस्थिरता बढ़ती है। नशे के विस्तार के पीछे केवल तस्करी जिम्मेदार नहीं है। इसके सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। बेरोजगारी, भविष्य की अनिश्चितता, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, पारिवारिक तनाव, सामाजिक विघटन, अकेलापन, मानसिक अवसाद और गलत संगति युवाओं को नशे की ओर धकेलती है। आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति ने भी कृत्रिम सुख और त्वरित आनंद की मानसिकता को बढ़ावा दिया है। जब जीवन में लक्ष्य, दिशा और सकारात्मक प्रेरणा का अभाव होता है, तब व्यक्ति नशे जैसे विनाशकारी विकल्पों की ओर आकर्षित हो सकता है। नशे और अपराध का संबंध भी अत्यंत गहरा है। अनेक अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि चोरी, लूट, हिंसा, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य अपराधों के पीछे नशे की भूमिका बढ़ती जा रही है। नशे की डोज प्राप्त करने के लिए युवा अपराध की राह पर उतर जाते हैं। इससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है और समाज में असुरक्षा का वातावरण बनता है। सरकारें इस चुनौती से निपटने के लिए अनेक स्तरों पर प्रयास कर रही हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सीमा सुरक्षा बल तथा राज्य पुलिस की संयुक्त कार्रवाइयों से कई बड़े ड्रग नेटवर्क ध्वस्त किए गए हैं। पंजाब, राजस्थान, गुजरात और जम्मू-कश्मीर में विशेष अभियान चलाकर तस्करों पर शिकंजा कसा गया है।

इस संदर्भ में सामाजिक और आध्यात्मिक आंदोलनों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। कानून भय पैदा कर सकता है, लेकिन जीवन में सकारात्मक परिवर्तन केवल जागरूकता और आत्मानुशासन से ही आता है। आचार्य तुलसी ने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से नशामुक्ति को एक व्यापक सामाजिक अभियान का स्वरूप दिया था। उन्होंने संयम, सदाचार और आत्मनियंत्रण के आधार पर लाखों लोगों को व्यसनमुक्त जीवन की प्रेरणा दी। अनेक क्षेत्रों में उनके अभियान ने उल्लेखनीय परिणाम दिए। आचार्य महाश्रमण ने भी अपनी ऐतिहासिक अहिंसा यात्रा के दौरान भारत और पड़ोसी देशों में लाखों लोगों को नशा त्यागने की प्रेरणा दी। उनकी पदयात्राओं का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य समाज में नैतिक चेतना जगाना और युवाओं को व्यसनमुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। हजारों किलोमीटर की यात्राओं में उन्होंने गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को यह संदेश दिया कि नशामुक्ति केवल स्वास्थ्य की सुरक्षा नहीं, बल्कि आत्मविकास, पारिवारिक सुख और राष्ट्र निर्माण का आधार है।









## अन्नामलाई के इस्तीफे पर भाजपा की प्रतिक्रिया, नैनार नागेंद्रन बोले- पार्टी पर नहीं पड़ेगा कोई असर

### 'भाजपा व्यक्तियों नहीं, विचारधारा के आधार पर चलने वाली पार्टी'

नई दिल्ली (आरएनएस)। तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। इस बीच तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने स्पष्ट कहा है कि अन्नामलाई के पार्टी छोड़ने से भाजपा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

नागेंद्रन ने कहा कि भाजपा किसी एक व्यक्ति पर आधारित संगठन नहीं है, बल्कि यह एक मजबूत विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी राजनीतिक राह चुनने और नई पार्टी या आंदोलन शुरू करने का पूरा अधिकार है।

अन्नामलाई के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा एक स्थापित राजनीतिक दल है और ऐसे घटनाक्रमों से पार्टी की कार्यप्रणाली या जनाधार पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की ताकत उसके सिद्धांत और संगठनात्मक संरचना में निहित है।

तमिलनाडु के हितों और अधिकारों को लेकर भाजपा पर लगाए जाने वाले आरोपों का जवाब देते हुए नागेंद्रन ने कहा कि पार्टी लगातार तमिल भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने विदेशी दौरों के दौरान तमिल भाषा, संस्कृति और विरासत का उल्लेख कर उसकी वैश्विक पहचान को मजबूत करने का प्रयास करते हैं।

## रायगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 300 किलो गांजा बरामद, तीन अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

### दो लग्जरी वाहनों समेत 1.86 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त, तस्करी नेटवर्क की जांच तेज

रायगढ़,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लैलूंगा पुलिस ने उड़ीसा से मध्यप्रदेश ले जाई जा रही करीब 300 किलोग्राम गांजा की खेप जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान दो लग्जरी वाहन और मोबाइल फोन सहित कुल 1 करोड़ 86 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उड़ीसा के सोनपुर क्षेत्र से भारी मात्रा में गांजा मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले भेजे जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर लैलूंगा पुलिस ने विभिन्न मार्गों पर नाकेबंदी कर सघन जांच अभियान शुरू किया।

कटकलिया मार्ग पर घेराबंदी के दौरान एक इनोवा क्रिस्टा और मारुति सुजुकी एक्सएल-6 को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान इनोवा वाहन में दो अलग-अलग नंबर प्लेट लगी मिलीं, जिससे पुलिस का संदेह और गहरा गया। तलाशी लेने पर दोनों वाहनों से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने दोनों वाहनों से कुल लगभग 300 किलो गांजा जब्त किया, जिसकी बाजार कीमत करीब 1.50 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके अलावा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही इनोवा क्रिस्टा, मारुति एक्सएल-6 और पांच मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। कुल जब्ती की कीमत लगभग 1.86 करोड़ रुपये बताई गई है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निखिल कश्यप निवासी बलरामपुर, रिंकु कश्यप निवासी सरगुजा तथा धर्मेन्द्र कुमार मौर्य निवासी अनूपपुर (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।पूछताछ में आरोपियों ने गांजा की खेप मध्यप्रदेश के अनूपपुर में अपने सहयोगियों तक पहुंचाने की जानकारी दी है। इसके बाद पुलिस ने पूरे तस्करी नेटवर्क का पता लगाने के लिए विशेष टीम को मध्यप्रदेश और सरगुजा क्षेत्र में रवाना किया है।

## कोचिंग फायरिंग मामले में बढ़ सकती हैं खान सर की मुश्किलें, पटना पुलिस ने FIR में जोड़ा नाम

पटना (आरएनएस)। पटना में खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग पर फायरिंग मामले में खान सर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मामले से जुड़े कई नए वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने बीते रोज दर्ज की गई एफआईआर में फैसल खान (खान सर) का नाम जोड़ दिया है। इसके साथ ही खान सर पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। कदमकुआं थाने में आर्म्स एक्ट और झूठी सूचना के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में जुटी है। टाउन डीएसपी-1 राजेश रंजन ने बताया कि फायरिंग की घटना को लेकर पुलिस को गलत जानकारी दी गई। इसी आधार पर आर्म्स एक्ट और झूठी सूचना देने का मामला दर्ज किया गया है। वहीं दोनों गार्ड को जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि कोचिंग के बाहर हुई फायरिंग के बाद बुलेट के पैलेट को भी छिपाने की कोशिश की गई।2 जून की रात कोचिंग सेंटर पर हुआ था हमला मामला 2 जून की रात खान सर के कोचिंग सेंटर पर हुए हमले से जुड़ा है। इस मामले में खान सर ने कई राउंड गोली चलाए जाने का आरोप लगाया था

# कर्नाटक में डी.के. शिवकुमार को झटका, विभाग बंटवारे से नाराज रामलिंगा रेड्डी ने छोड़ा मंत्री पद; बोले-पार्टी में बना रहूंगा



बेंगलुरू, (आरएनएस)। कर्नाटक सरकार में विभागों के बंटवारे के बाद मंत्री रामलिंगा रेड्डी की नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। जल संसाधन (वाटर रिसोर्सेज) विभाग मिलने से असंतुष्ट रेड्डी ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनका इस्तीफा केवल मंत्री पद से है, कांग्रेस पार्टी से नहीं। इस्तीफे के बाद रामलिंगा रेड्डी ने कहा, मैं अपनी अंतरात्मा के खिलाफ काम नहीं कर सकता, इसलिए मंत्री पद छोड़ रहा हूं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह विधायक बने रहेंगे और कांग्रेस पार्टी से उनका नाता कायम रहेगा।

रेड्डी ने कहा कि वह पिछले 53 वर्षों से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा अटूट है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कभी किसी से मंत्री पद की मांग नहीं की। उन्होंने याद दिलाया कि वे पूर्व मुख्यमंत्री एम. वीरप्पा मोइली और एस.एम. कृष्णा की सरकारों में भी मंत्री रह चुके हैं और पार्टी ने हमेशा उन पर भरोसा जताते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं।दरअसल, मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने गुरुवार रात अपने 13 मंत्रियों के बीच विभागों का आवंटन किया था। इस दौरान रामलिंगा रेड्डी को जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी दी गई। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक रेड्डी बेंगलुरू विकास विभाग मिलने की उम्मीद कर रहे थे और इसी विभाग पर उनका दावा था। जानकारी के अनुसार, विभागों के आवंटन को लेकर गुरुवार को हुई बैठक के दौरान रेड्डी ने अपनी नाराजगी जाहिर की और बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर चले गए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को वर्ष 2023 में किए गए उस कथित वादे की भी याद दिलाई, जिसमें भविष्य में कैबिनेट फेरबदल होने पर उन्हें बेंगलुरू विकास विभाग सौंपने की बात कही गई थी।

## अन्नामलाई ने किया नई पार्टी बनाने का ऐलान, बोले- भाजपा से राय मेल नहीं खाती थी

नईदिल्ली,(आरएनएस)। तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने नई पार्टी बनाने का ऐलान किया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, हम एक नया राजनीतिक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। बता दें कि आज ही अन्नामलाई ने भाजपा छोड़ी थी। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को इस्तीफा सौंपा था, जिसे मंजूर भी कर लिया गया। अन्नामलाई 7 जून को अपने समर्थकों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद आगे की रणनीति का ऐलान कर सकते हैं। अन्नामलाई ने कहा कि वह एक स्वतंत्र राजनीतिक रास्ता अपनाएंगे और तमिलनाडु की राजनीति में एक नई राह बनाने के लिए अकेले संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा, तमिलनाडु को लेकर मेरी राय भाजपा नेतृत्व की राय से मेल नहीं खाती थी। मतभेदों को दूर करने के लिए मैंने पिछले 18 महीनों में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ कई बार बातचीत की थी। अन्नामलाई ने दावा किया कि रजनीकांत ने उनसे साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया था।

## दिल्ली हाईकोर्ट से 'कॉकरोच जनता पार्टी' को राहत, प्रदर्शन के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली होईकोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा 6 जून को जंतर-मंतर पर प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से उत्पन्न होने वाली कानून-व्यवस्था संबंधी चिंताओं को उठाया गया था




हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को इस मामले में राहत देने से मना कर दिया, जिससे कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन के आयोजन पर फिलहाल रोक नहीं लग सकी। याचिका में यह दलील दी गई थी कि इस तरह के विरोध प्रदर्शन से सार्वजनिक व्यवस्था बाधित हो सकती है और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है।

हालांकि, कोर्ट ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता को नहीं माना और इस संबंध में कोई निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया।

इस फैसले से कॉकरोच जनता पार्टी को अपने प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की अनुमति मिल गई है, बशर्ते कि वे सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर लें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। इस मामले में आगे की सुनवाई के लिए अदालत ने उचित समय पर विचार करने की बात कही है

## दिसंबर 2026 तक 75 लाख घरों में रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य : मंत्री प्रह्लाद जोशी



नई दिल्ली, (आरएनएस)। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज यहां आयोजित 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के दो साल 1 करोड़ छतों तक सोलर होम का विस्तार' कार्यक्रम के दौरान एक बातचीत में हिस्सा लेते हुए कहा, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने 2 साल के भीतर ही 40 लाख घरों का आंकड़ा पार कर लिया है, और मुझे उम्मीद है कि दिसंबर 2026 तक हम 75 लाख घरों का आंकड़ा भी पार कर लेंगे। श्री जोशी ने कहा कि यूटिलिटी-लिंक्ड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल को विशेष रूप से वंचित परिवारों के बीच कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मॉडल के तहत, राज्यों में लगभग 30 लाख रूफटॉप सोलर लगाने की योजना पहले ही बनाई जा चुकी है, जिसमें यूटिलिटी कंपनियां इसे तेजी से अपनाने और क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल से विशेष रूप से उन परिवारों को फायदा होगा जो 1 किलोवाट से 3 किलोवाट के बीच बिजली की खपत करते हैं, और इससे सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा तक अधिक लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। 65 लाख से अधिक आवेदनों के साथ, इस योजना को पूरे देश में लोगों का ज़बरदस्त समर्थन मिल रहा है और इसे अभूतपूर्व गति मिली है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता तेज़ी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पहले 50 गीगावॉट तक पहुंचने में 96 महीने लगे। अगले 50 गीगावॉट के लिए 36 महीने लगे, और 100 गीगावॉट से 150 गीगावॉट तक पहुंचने में सिर्फ 14 महीने लगे। उन्होंने यह भी कहा कि मई 2026, पीएम सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना के शुरू होने के बाद से सबसे अच्छा महीना रहा; इस एक महीने में रिकॉर्ड 3.16 लाख रूफ़टॉप सोलर लगाए गए और सिर्फ एक दिन में 15,000 घर इस योजना से जुड़े।



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत के हजीरा में चल रहे औद्योगिक कार्यों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की।*

## भीषण गर्मी के बीच भारत में मॉनसून ने दी दस्तक, जानें आपके राज्य में कब बरसेंगे बादल

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से बेहाल देशवासियों के लिए एक बहुत ही शानदार और बड़ी खुशखबरी आई है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भारत में मॉनसून का आगमन हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून केरल पहुंच चुका है। हालांकि केरल में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी था, लेकिन मौसम विभाग ने इसकी पुष्टि अब की है। इस बार मॉनसून अपनी सामान्य तारीख (1 जून) से करीब 4 दिन की देरी से पहुंचा है।मौसम विभाग ने शुरुआती पूर्वानुमान में जताया था कि मॉनसून 26 मई तक ही केरल में दस्तक दे सकता है, जिसमें 4 दिन की देरी या जल्दी की संभावना जताई गई थी। इस लिहाज से माना जा रहा था कि 30 मई तक बारिश शुरू हो जाएगी। लेकिन मॉनसून ने थोड़ा और इंतजार कराया और सामान्य तारीख बीतने के बाद 4 दिन की देरी से केरल के तट पर पहुंचा है।मॉनसून के आते ही केरल के कई हिस्सों में झमाझम बारिश शुरू हो गई है। ढ्ढरूष्ठ ने गुरुवार को केरल के अलप्पुझा, कोट्टायम और एर्नाकुलम जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के कई हिस्सों में बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश होने और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की पूरी संभावना है। इसके अलावा तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पत्तनमथिट्टा, इडुक्की और त्रिशूर जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट है।



## ममता को 'सिर्फ सलाहकार' बनाने के प्रस्ताव पर बवाल, टीएमसी के बागी खेमे में फूट के संकेत; आपस में भिड़े विधायक

कोलकाता ,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस (TMC) के भीतर जारी सियासी घमासान अब नए मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। पार्टी में बगावत के बाद बने खेमे में ही मतभेद के संकेत सामने आने लगे हैं। ममता बनर्जी की भूमिका को लेकर बागी विधायकों के बीच असहमति उभरने लगी है, जिससे गुट के भीतर फूट की आशंका बढ़ गई है।

बागी खेमे के कई विधायकों ने स्पष्ट किया है कि उनके लिए ममता बनर्जी ही पार्टी की सर्वोच्च नेता हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें केवल एक सलाहकार की भूमिका तक सीमित करने की कोशिश की गई तो वे इस गुट से अलग होने पर विचार कर सकते हैं।

विवाद की शुरुआत बागी विधायक दल के नेता ऋत्ब्रत बनर्जी के उस प्रस्ताव से हुई, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि ममता बनर्जी विधायक दल की मुख्य सलाहकार की भूमिका निभा सकती हैं। गुरुवार को हुई बैठक में रखे गए इस प्रस्ताव पर कई विधायकों ने आपत्ति जताई। उनका कहना था कि ममता बनर्जी का कद और पार्टी के लिए उनका योगदान उन्हें केवल सलाहकार की भूमिका तक सीमित करने की अनुमति नहीं देता।

पांचला विधानसभा क्षेत्र से विधायक गुलशन मल्लिक ने बैठक के बाद समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत में कहा, हमें बताया गया था कि पार्टी ममता बनर्जी के नेतृत्व में आगे बढ़ेगी। वह केवल सलाहकार नहीं हैं। हम चाहते हैं कि पार्टी उनके सक्रिय नेतृत्व में ही काम करे। यदि उन्हें सर्वोच्च नेता के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है तो हमें अपने भविष्य को लेकर गंभीरता से विचार करना होगा।

इसी तरह सिताई से विधायक संगीता रॉय बसुनिया ने भी कहा कि ममता बनर्जी उनकी सर्वोच्च नेता हैं और हमेशा रहेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी उनके नेतृत्व में ही आगे बढ़नी चाहिए।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बागी खेमे के भीतर ममता बनर्जी



की भूमिका को लेकर उभरा यह मतभेद आने वाले दिनों में और गहरा सकता है। शुरुआत से ही बागी विधायक ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के बीच स्पष्ट अंतर दिखाने की कोशिश करते रहे हैं। उनका कहना रहा है कि उनका विरोध ममता बनर्जी के नेतृत्व से नहीं, बल्कि विधायक दल और संगठन में अभिषेक बनर्जी के बढ़ते प्रभाव से है।

गौरतलब है कि गुरुवार को 58 विधायकों ने टीएमसी विधायक दल पर अपना नियंत्रण स्थापित करने का दावा किया था और पार्टी से निष्कासित नेता ऋत्ब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष चुनकर विधानसभा अध्यक्ष से मान्यता भी प्राप्त कर ली थी। इस घटनाक्रम ने पार्टी संगठन और विधायकों के बीच चल रहे तनाव को खुलकर सामने ला दिया है।

# आसाराम को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, जेल में बिगड़ी तबीयत तो आयुर्वेद अस्पताल में मिलेगा इलाज

जोधपुर ,(आरएनएस)। यौन उत्पीड़न के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से एक बड़ी राहत मिली है। जेल में उनकी लगातार बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए, जस्टिस संजीत पुरोहित की बेंच ने जेल प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं कि उन्हें तुरंत और उचित चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही अदालत ने अपने आदेश में यह भी साफ कर दिया है कि यदि उनकी तबीयत में सुधार नहीं होता है या स्थिति अधिक बिगड़ती है, तो उन्हें आयुर्वेद अस्पताल में अपना इलाज कराने की पूरी छूट दी जाएगी।

### सरकार और जेल प्रशासन से मांगा गया था जवाब

इस अहम मामले में आसाराम की तरफ से अधिवक्ता आर.एस. सलूजा और यशपाल राजपुरोहित ने अदालत में पैरवी की। इससे पहले बुधवार को भी इस मामले पर सुनवाई हुई थी, जो अधूरी रह गई थी। उस दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और जेल प्रशासन से पूछा था कि क्या अदालत के पुराने आदेशों का सही तरीके से पालन किया जा रहा है या नहीं। ज्ञात हो कि पुराने आदेश में अदालत ने आसाराम को समय पर इलाज, आवश्यक



दवाइयां और दिन में एक बार घर का बना खाना देने का निर्देश दिया था। इस पर राज्य सरकार ने अपना विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से थोड़ा समय मांगा था।

जेल में बंद आसाराम की तबीयत मंगलवार शाम को अचानक बहुत ज्यादा खराब हो गई थी। स्थिति को बिगड़ता देख जेल प्रशासन ने बिना कोई देरी किए उन्हें त्वरित इलाज के लिए जोधपुर के आरोग्यं अस्पताल में भर्ती कराया था। इसी ताजा घटनाक्रम को देखते हुए अदालत ने यह नया निर्देश जारी किया है।

### पहले ही रद्द हो चुकी है अंतरिम जमानत

गौरतलब है कि हाल ही में अदालत ने आसाराम को स्वास्थ्य कारणों के आधार पर मिली अंतरिम जमानत की अवधि को और आगे बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया था। करीब दो साल से उनकी यह जमानत लगातार बढ़ाई जा रही थी, जिस पर अदालत ने रोक लगा दी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि इस तरह के गंभीर मामलों में आरोपी के अधिकारों से कहीं ज्यादा पीड़िता का सम्मान, उसकी सुरक्षा और उसे न्याय मिलना जरूरी है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर की फ्लैट के अंदर हत्या, बाहर से बंद था घर

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के वसुंधरा एनक्लेव इलाके में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की एक सहायक प्रोफेसर की हत्या कर दी गई है। उनका शव गुरुवार को फ्लैट के अंदर खून से लथपथ हालत में मिला। प्रोफेसर की पहचान 42 वर्षीय देवोस्मिता पॉल के रूप में हुई। वह शिवाजी कॉलेज में अंग्रेजी की सहायक प्रोफेसर थीं और पूर्वी दिल्ली के वसुंधरा एन्क्लेव स्थित सत्यम अपार्टमेंट्स में अकेली रहती थीं। पुलिस को घटना की सूचना देवोस्मिता की बहन देवराती पॉल (49) से मिली थी। मयूर विहार निवासी देवराती ने पुलिस को बताया कि उन्होंने दोपहर ढाई बजे अपनी बहन को कई बार फोन किया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। वह चिंतित होकर अपार्टमेंट पहुंची तो उनके फ्लैट का दरवाजा बाहर से बंद था। उन्होंने अनहोनी की आशंका से सोसाइटी निवासियों की मौजूदगी में फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो कमरे में बिस्तर पर देवोस्मिता का खून से लथपथ शव पाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला प्रोफेसर के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया है, जबकि उनकी कलाई और शरीर पर धारदार हथियार से कटने के निशान हैं। पुलिस ने बताया कि घर में जबरन घुसने का कोई सबूत नहीं मिला है, जिससे पता चलता है कि आरोपी महिला को जानता था। महिला फ्लैट में अकेली रहती थी। उनके पति बेंगलुरु में हैं और माता-पिता दिल्ली में ही रहते हैं।

# ईरान जहाजों से टोल या ट्रांजिट टैक्स नहीं वसूलेगा, अब ले सर्विस फीस

## -प्रस्तावित फीस उन सेवाओं के लिए होगी जो ईरान-ओमान मिलकर मुहैया कराएंगे




तेहरान,(ए.)। अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने को लेकर बातचीत जारी है, लेकिन इस बीच होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नई बहस छिड़ गई है। ईरान ने संकेत दिया है कि वह अब जहाजों से सीधे टोल या ट्रांजिट टैक्स नहीं वसूलेगा। इसके बजाय वह ओमान के साथ मिलकर एक ऐसी व्यवस्था लागू करेगा जिसके तहत जहाजों से नेविगेशन, सुरक्षा और अन्य सेवाओं के बदले फीस ली जाएगी।

ईरान के उप-विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि उनका देश किसी जहाज से गुजरने के अधिकार के बदले फीस नहीं लेना चाहता है। उन्होंने साफ किया कि प्रस्तावित फीस उन सेवाओं के लिए होगी जो ईरान और ओमान मिलकर मुहैया कराएंगे। इनमें नेविगेशन सपोर्ट, सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन, समुद्री सुरक्षा और प्रदूषण की स्थिति में पर्यावरण संरक्षण जैसी सेवाएं शामिल हैं। गरीबाबादी का कहना है कि होर्मुज पूरी तरह ईरान और ओमान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में है। इसलिए दोनों देशों को अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून के तहत इसके प्रबंधन का अधिकार हासिल है। उन्होंने यह भी माना कि नई व्यवस्था सभी देशों को पसंद नहीं आएगी, लेकिन इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप तैयार किया जा रहा है।

बता दें मई 2026 में ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसमें कुछ जहाजों, खासकर अमेरिका और इजराइल से जुड़े तेल टैंकरों पर 20 लाख डॉलर तक का ट्रांजिट शुल्क लगाने की बात कही थी। इस प्रस्ताव को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद ईरान ने अपने रुख में बदलाव किया। अब तेहरान का कहना है कि यह टोल सिस्टम नहीं होगा, बल्कि सेवाओं के बदले लिया जाने वाला शुल्क होगा।

बता दें जंग शुरू होने से पहले हर दिन 120 से 140 जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते थे। इनमें करीब आधे तेल टैंकर होते थे, जो रोजाना करीब 2 करोड़ बैरल तेल लेकर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचते थे, लेकिन मौजूदा तनाव के बाद इस मार्ग पर जहाजों की आवाजाही काफी कम हो गई है। ईरान के मुताबिक हाल के दिनों में सिर्फ चुनिंदा जहाजों को ही गुजरने की इजाजत दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जंग शुरू होने के बाद कुछ जहाजों से 20 लाख डॉलर तक की रकम भी वसूली गई है और यह रकम चीनी करेंसी युआन में वसूली गई थी। इस बीच ईरान ने पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी नाम की नई संस्था भी बनाई है, जो होर्मुज स्ट्रेट में होने वाली गतिविधियों की निगरानी करेगी और रियल टाइम अपडेट जारी करेगी।

### जेलेंस्की ने पत्र लिखकर जताई सीधी बातचीत की इच्छा, पुतिन बोले-आ जाओ मॉस्को

कीव,(ए.)। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच अचानक कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को खुला पत्र लिखकर आमने-सामने मुलाकात की पेशकश की है। जवाब में क्रेमलिन ने कहा कि अगर जेलेंस्की बातचीत करना चाहते हैं तो मॉस्को आ सकते हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा है कि रूस ने जेलेंस्की का पत्र देख लिया है और इसकी जानकारी पुतिन को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुतिन पहले भी कह चुके हैं कि अगर जेलेंस्की बात करना चाहते हैं तो वे मॉस्को आ सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जेलेंस्की ने अपने पत्र में लिखा कि यूक्रेन इस युद्ध को सीधे संवाद के जरिए खत्म करना चाहता है। उन्होंने पुतिन से आमने-सामने बैठकर बैठक का प्रस्ताव रखा है और कहा कि बातचीत में यूक्रेन पूर्ण युद्धविराम के लिए तैयार है।

# US के अरबों डॉलर के स्टार्टअप्स में भारतीयों का दबदबा, 96 यूनिकॉर्न कंपनियों के संस्थापक भारत से




वाशिंगटन, (ए.)। अमेरिका में अरबों डॉलर मूल्य वाली स्टार्टअप कंपनियों (यूनिकॉर्न) के संस्थापकों में भारतीय मूल के उद्यमी सबसे बड़ी प्रवासी समूह के रूप में उभरे हैं। यह जानकारी नेशनल फाउंडेशन फॉर अमेरिकन पॉलिसी (NFAP) की एक नई रिपोर्ट में सामने आई है।

**कितने यूनिकॉर्न कंपनियों की स्थापना भारतीय मूल के उद्यमियों ने की?**

अमेरिका स्थित गैर-लाभकारी संगठन NFAP ने पाया कि अमेरिका की 96 यूनिकॉर्न कंपनियों की स्थापना या सह-स्थापना भारतीय मूल के उद्यमियों ने की है। इनमें एआई कंपनी पर्प्लेक्सिटी एआई भी शामिल है, जिसके सह-संस्थापक अरविंद श्रीनिवास हैं। 20 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ यह कंपनी सूची में 12वें स्थान पर है।

**अमेरिकी यूनिकॉर्न कंपनियों में प्रवासी संस्थापक के आंकड़े**

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी यूनिकॉर्न कंपनियों के प्रवासी संस्थापकों के मूल देशों की सूची में भारत 96 कंपनियों के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद इस्राइल (60), यूनाइटेड किंगडम (47), चीन (41), कनाडा (30), रूस (23), फ्रांस (21), जर्मनी (18), यूक्रेन (16), ऑस्ट्रेलिया (14), पाकिस्तान (10) और रोमानिया (10) का स्थान है।

स्टुअर्ट एंडरसन द्वारा लिखित NFAP की रिपोर्ट अप्रवासी और अमेरिकी अरबों डॉलर की कंपनियां में कहा गया है कि अमेरिका की 775 निजी यूनिकॉर्न कंपनियों में से 455 यानी 59 प्रतिशत कंपनियों की स्थापना या सह-स्थापना प्रवासियों ने की है।

**रिसर्च में क्या-क्या पाया गया?**

रिसर्च में पाया गया कि प्रवासी संस्थापकों वाली अमेरिकी अरब डॉलर मूल्य की निजी स्टार्टअप कंपनियों ने औसतन 833 नौकरियां प्रति कंपनी सृजित की हैं। वहीं, लगभग दो-तिहाई (66 प्रतिशत) यूनिकॉर्न कंपनियों की स्थापना या सह-स्थापना प्रवासियों या उनके बच्चों ने की है। इसके अलावा, करीब 80 प्रतिशत अमेरिकी यूनिकॉर्न कंपनियों में या तो कोई प्रवासी संस्थापक है या फिर किसी महत्वपूर्ण नेतृत्व पद, जैसे सीईओ या इंजीनियरिंग के उपाध्यक्ष, पर प्रवासी कार्यरत हैं।

**एलन मस्क के साथ किनका नाम आया सामने?**

अध्ययन के मुताबिक, कम से कम 15 प्रवासी उद्यमियों ने दो या उससे अधिक यूनिकॉर्न कंपनियों की स्थापना की है। इनमें एलन मस्क भी शामिल हैं।

# एयरपोर्ट पर खड़े विमान का पहिया टूटा, आगे का हिस्सा गिरा, कई कर्मचारी घायल



फ्रैंकफर्ट,(ए.)। फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर गेट के पास खड़ा एक यात्री विमान का अगला पहिया टूटने से उसका सामने वाला हिस्सा सीधे जमीन पर जा गिरा। हादसे में कई कर्मचारी घायल हुए हैं। यह घटना तब हुई, जब जर्मन एयरलाइंस लुफ्थांसा के बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान उड़ान की तैयारी में था। उस समय यात्री विमान में सवार नहीं हुए थे, लेकिन क्रू मेंबर और ग्राउंड स्टाफ अंदर मौजूद था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में विमान का अगला हिस्सा तेजी से नीचे गिरता दिख रहा है। घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी टीमें पहुंचीं। विमान गिरने से घायल हुए कर्मचारियों का इलाज चल रहा है। यह विमान फ्रैंकफर्ट से लॉस एंजिलिस जाने वाला था। जिस विमान के साथ हादसा हुआ, वह नया बोइंग विमान जनवरी 2026 से ही नियमित सेवा में शामिल हुआ था। फिलहाल हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

# कौन हैं राजेश मेहता? : क्या है राजेश एक्सपोर्ट्स में 15.15 लाख करोड़ रुपये के घोटाले का सच, एलआईसी पर क्या असर?

नई दिल्ली (ए.)। शेयर बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को देश की प्रमुख आभूषण कंपनी राजेश एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (आरईएल) और इसके चेयरमैन व प्रबंध निदेशक राजेश मेहता के खिलाफ एक कड़ा अंतरिम एकतरफा आदेश जारी किया है। कंपनी पर वित्त वर्ष 2021 से 2025 के बीच 15.15 लाख करोड़ रुपये के राजस्व को फर्जी तरीके से बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने और फंड की हेराफेरी का गंभीर आरोप है। हालांकि कंपनी ने अपने ऊपर लगे आरोपों से साफ इनकार किया है। इस खबर के सामने आते ही कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। आइए आसान भाषा में सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि यह पूरा मामला क्या है।

सवालः यह पूरा मामला क्या है और सेबी ने क्या कार्रवाई की है?

जवाबः सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने




109 पेजों का एक अंतरिम आदेश जारी किया है। सेबी की जांच में यह बात सामने आई है कि कंपनी ने कई वर्षों तक गैर-वास्तविक लेनदेन किए, संदेहास्पद अकाउंटिंग की और प्रमोटर ग्रुप से जुड़ी संस्थाओं के जरिए कंपनी के फंड को डायवर्ट किया। इन गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के कारण सेबी ने राजेश मेहता को अगले आदेश तक आरईएल की प्रतिभूतियों की खरीद, बिक्री या किसी भी तरह के सौदे करने से रोक (बैन कर) दिया है। सेबी का मानना है कि मेहता ही कंपनी में मुख्य निर्णय लेने वाले व्यक्ति हैं और उनका रोजमर्रा के कामकाज पर पूरा नियंत्रण है।

सवालः राजस्व में हेराफेरी का यह आरोप कितना बड़ा है?

जवाबः आरोपों का पैमाना चौंकाने वाला है। सेबी के अनुसार, राजेश एक्सपोर्ट्स ने वित्त वर्ष 2021 से 2025 के बीच लगभग 15.15 लाख करोड़ रुपये के राजस्व को गलत तरीके से प्रस्तुत किया। नियामक ने यह भी बताया कि यह आंकड़ा इस अवधि के दौरान कंपनी की ओर से रिपोर्ट किए गए कुल राजस्व का लगभग 99.8त्न है। सेबी के मुताबिक, आरईएल का लगभग 97-99 प्रतिशत राजस्व बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया था, जो कि अभूतपूर्व है।

## फीचर

# नानी का हौसला पूरे परिवार के लिए प्रेरणा स्त्रोत है: अंकिता लोखंडे

मुंबई (ए.)। अपनी नानी के 84वें जन्मदिन के अवसर पर लोकप्रिय अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने एक भावुक पोस्ट साझा की और नानी को श्रद्धा और प्रेम से भरी शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री ने जन्मदिन समारोह की खास झलकियां साझा की। उन्होंने बताया कि उनकी नानी आंशिक लकवे से प्रभावित होने के बावजूद आज भी आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं और उनका हौसला पूरे परिवार के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। अंकिता द्वारा साझा किए गए वीडियो में वह पीले रंग की साड़ी पहने अपनी नानी का हाथ थामकर कार्यक्रम स्थल तक ले जाती दिखाई देती हैं। वीडियो में परिवार के अन्य सदस्य भी जन्मदिन समारोह में शामिल नजर आते हैं।





इस खास मौके पर परिवार ने नानी के जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव का जश्न मनाया। अभिनेत्री ने बताया कि उनकी नानी ने 84 वर्ष की आयु पूरी करने के साथ-साथ अपने जीवन में एक हजार पूर्ण चंद्रमा देखने का दुर्लभ अवसर भी प्राप्त किया है, जिसे कई परंपराओं में विशेष उपलब्धि माना जाता है। अपनी पोस्ट में अंकिता ने नानी के साथ अपने भावनात्मक रिश्ते का जिक्र करते हुए लिखा कि जब वह मात्र छह महीने की थीं, तभी से उनकी नानी ने उन्हें अपनी गोद में पाल-पोसकर बड़ा किया। उन्होंने कहा कि उनके लिए नानी केवल एक रिश्तेदार नहीं, बल्कि मां के समान हैं।

अभिनेत्री के अनुसार, जीवन में विश्वास, रिश्तों का महत्व, परिवार को प्रेम से जोड़कर रखना और धन की अहमियत जैसी कई महत्वपूर्ण सीख उन्हें अपनी नानी से ही मिली हैं। अंकिता ने बताया कि उनकी नानी हमेशा सकारात्मक सोच रखने की प्रेरणा देती रही हैं। उनकी एक सीख आज भी उनके जीवन का आधार है कि कभी यह न कहो कि हमारे पास कम है, बल्कि हमेशा यह महसूस करो कि हमारे पास बहुत कुछ है। अभिनेत्री ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी नानी ने चार बेटियों का पालन-पोषण किया और अपने घर आने वाले हर व्यक्ति का खुले दिल से स्वागत किया। उन्होंने अपनी नानी के साहस की सराहना करते हुए कहा कि शारीरिक चुनौतियों के बावजूद वह आत्मविश्वास और मजबूती के साथ जीवन जी रही हैं।



## इलियाना ने अपने परिवार से जुड़ा भावुक पल किया साझा

मुंबई (ए.)। सोशल मीडिया के माध्यम से अभिनेत्री इलियाना डिक्रूजा अपने प्रशंसकों के साथ लगातार जुड़ी हुई हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने परिवार से जुड़ा एक खास और भावुक पल साझा किया, जिसने उनके प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित किया। इलियाना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उनके ससुर मुस्कुराते हुए मेज के सामने बैठे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में उनके सामने जन्मदिन का एक आकर्षक केक रखा हुआ दिखाई देता है। इस तस्वीर की खास बात यह रही कि यह केक किसी बेकरी से मंगवाया नहीं गया था, बल्कि इलियाना ने अपने हाथों से तैयार किया था। अभिनेत्री ने इस अवसर पर अपने ससुर के प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त करते हुए लिखा कि उन्होंने अपने सबसे अच्छे ससुर के जन्मदिन को खास बनाने के लिए प्रेम से यह केक बनाया है।

## फैशन का वास्तविक अर्थ महंगे कपड़े पहनना नहीं



मुंबई (ए.)। लोकप्रिय धारावाहिक 'अनुपमा' की कलाकारों ने स्टार प्लस के विशेष कार्यक्रम 'फैशन के रंग, रिश्तों के संग' में देश की विविध संस्कृतियों और परंपराओं को आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया। इस दौरान अभिनेत्री रुपाली गांगुली, अद्रिजा रॉय और नेहा ने फैशन, सोशल मीडिया के प्रभाव और बदलते ट्रेंड्स पर अपने विचार साझा किए। कलाकारों का मानना रहा कि फैशन का वास्तविक अर्थ महंगे कपड़े पहनना नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सहजता के साथ स्वयं को प्रस्तुत करना है। कार्यक्रम में रुपाली गांगुली ने अपने लोकप्रिय किरदार अनुपमा से जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि वह स्वयं को किसी एक राज्य की पहचान तक सीमित नहीं मानतीं। उनके अनुसार, अनुपमा देशभर की महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला किरदार है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जहां भी वह जाती हैं, लोग उन्हें अनुपमा के रूप में पहचानते हैं, जो उनके लिए सम्मान और उपलब्धि की बात है। फैशन को लेकर उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी इसे दिखावे का माध्यम नहीं माना। उनके अनुसार, वही परिधान सबसे अच्छे लगते हैं जिनमें व्यक्ति सहज और आत्मविश्वास से भरा महसूस करे। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि केवल सेलिब्रिटीज को देखकर महंगे कपड़ों पर खर्च करने के बजाय पुराने परिधानों को नए तरीके से पहनने की आदत विकसित करनी चाहिए। कार्यक्रम में नेहा ने महाराष्ट्र की संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने पारंपरिक पैठणी कला से प्रेरित इंडो-वेस्टर्न परिधान धारण किया था, जिसमें आधुनिकता और परंपरा का सुंदर समन्वय दिखाई दिया।



## सोनाक्षी की मां को हो गया जहीर और उसके रिश्ते का पूर्वाभास

मुंबई (ए.)। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल की प्रेम कहानी को लेकर एक दिलचस्प खुलासा हुआ है कि अभिनेत्री सोनाक्षी की मां पूनम सिन्हा को उनकी बेटी और जहीर के रिश्ते का आभास काफी पहले ही हो गया था। फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान के यूट्यूब शो के दौरान यह खुलासा हुआ। हाल ही में फराह खान सोनाक्षी और जहीर के घर पहुंची थीं, जहां दोनों के परिवारों के बारे में बातचीत के दौरान उनकी प्रेम कहानी से जुड़ी कई दिलचस्प बातें सामने आईं। इस अवसर पर दोनों कलाकारों की माताएं भी मौजूद थीं। बातचीत के दौरान फराह खान ने पूछा कि दोनों परिवारों की पहली मुलाकात कब और कैसे हुई थी।

इस सवाल का जवाब देते हुए सोनाक्षी ने बताया कि उनके और जहीर के परिवार पहली बार अभिनेत्री हुमा कुरैशी के घर आयोजित एक पार्टी में मिले थे। उस कार्यक्रम में दोनों परिवारों के साथ हुमा कुरैशी के माता-पिता भी मौजूद थे। सभी ने साथ बैठकर बातचीत की, हंसी-मजाक किया और एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताया। इसी दौरान दोनों परिवारों के बीच परिचय और निकटता बढ़ी। जब फराह खान ने पूनम सिन्हा से पूछा कि क्या उस समय उन्हें दोनों के रिश्ते का कोई संकेत मिला था, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए स्वीकार किया कि उन्हें कुछ शक जरूर हुआ था। पूनम ने बताया कि पार्टी के दौरान सोनाक्षी, जहीर की मां के पैरों के पास बैठी हुई थीं। यह दृश्य देखकर उन्हें लगा कि दोनों के बीच सामान्य दोस्ती से बढ़कर कुछ हो सकता है।

हालांकि उस समय किसी ने खुलकर रिश्ते के बारे में बात नहीं की थी, लेकिन मां होने के नाते उन्हें कुछ अलग महसूस हुआ था।

समय के साथ दोनों का रिश्ता मजबूत होता गया और आखिरकार 23 जून 2024 को सोनाक्षी और जहीर विवाह बंधन में बंध गए। शादी के बाद भी यह जोड़ी लगातार चर्चा में बनी हुई है और प्रशंसकों के बीच काफी लोकप्रिय है। सोनाक्षी सिन्हा का जन्म 2 जून 1987 को अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा के घर हुआ था। फिल्मी दुनिया में कदम रखने से पहले उन्होंने फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई की और कॉस्ट्यूम डिजाइनर के रूप में काम किया। वर्ष 2010 में दबंग से अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली सोनाक्षी ने अपने अभिनय और मेहनत के दम पर हिंदी सिनेमा में एक मजबूत पहचान बनाई है।

# किसानों को पारदर्शी और सुगमता से खाद वितरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर में सहकारी बैंक एवं सहकारी समिति का निरीक्षण कर किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं तथा खाद वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंक परिसर में उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को किसानों को नियमानुसार एवं पारदर्शिता के साथ सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सहकारी समिति के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने ई-विकास पोर्टल के माध्यम से संचालित खाद वितरण प्रणाली की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को निर्धारित नियमों के अनुसार ही खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से जुड़ी योजनाओं और सुविधाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर बालागुरू के. ने खाद के उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी किया तथा गोदाम का निरीक्षण कर भंडारण व्यवस्था देखी। उन्होंने निर्देश दिए कि ई-विकास पोर्टल पर दर्ज खाद स्टॉक एवं गोदाम में उपलब्ध वास्तविक स्टॉक के बीच किसी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए। स्टॉक प्रबंधन में पूर्ण सटीकता बनाए रखने तथा नियमित रूप से रिकॉर्ड को अद्यतन करने के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने किसानों को ई-टोकन जारी करने की संपूर्ण प्रक्रिया को देखा और समझा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को ई-टोकन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी जाये, जिससे उन्हें खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा वितरण प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी बन सके। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखना भी आवश्यक है। इसके लिए किसानों को रासायनिक उर्वरकों का संतुलित एवं वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए।

## *योगा फॉर हेल्दी एंगेजिंग एंड मेडिकल हेल्थ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित*

*सीहोर(निप्र)। सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में योगा फॉर हेल्दी एंगेजिंग एंड मेडिकल हेल्थ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, स्वस्थ वृद्धावस्था एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच एवं स्वस्थ जीवनशैली का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित योगाभ्यास अपनाकर तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा महाविद्यालय में ऐसे शैक्षणिक एवं जागरूकतापरक कार्यक्रमों के आयोजन की निरंतरता पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. राम नारायण मिश्र, डॉ. ओम नारायण तिवारी, डॉ. आलोक कुमार मिश्रा और डॉ. दिलीप कुमार तिवारी ने ऑनलाइन जुड़कर इस विषय पर व्याख्यान दिए। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. सुयश गुप्ता, डॉ. भरत कुमार और डॉ. आमिर एजाज अहमद, डॉ. जितेंद्र आर्य सहित प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।*

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सीवन पुत्रों ने तिलक पार्क गांधी पार्क व उत्कृष्ट विद्यालय में रोपे पौधे




सीहोर(निप्र)। जिस तरह से सीवन पुत्र की टीम 71 दिनों से सीवन उद्धार को लेकर संकल्पित है एक पेड़ सीवन के नाम अभियान के तहत सीवन पुत्र की टीम विश्व पर्यावरण दिवस पर एवं सीवन पुत्र मांगीलाल प्रजापति के जन्मदिन के अवसर पर सबसे पहले तिलक पार्क में फलदार वृक्ष रोपे गए और पौधों को वरिष्ठ नागरिक इमरत लाल सेन श्री यादव जी सुधीर चौकसे सुशील चौकसे अनुराग जैन अश्विन नामदेव आदि के द्वारा रोपे गए इसके बाद सीवन पुत्र की टीम उत्कृष्ट विद्यालय में पहुंची जहां पर गणित के लेक्चर राजेंद्र देशमुख व बायोलॉजी के लेक्चर देवेंद्र राय एवं कार्तिक राय की उपस्थिति में सीवन पुत्रों ने पीपल तथा जामुन के पौधे लगाए फिर इसी कड़ी में सीवन पुत्र की टीम पहुंच गई गांधी पार्क जहां पर पीपल तथा नीम के पौधे रोपे गए गांधी पार्क में समाजसेवी धन्ना राय एवं योगेश राय उपस्थित रहेज्ञात हो कि संत श्री 1008 हरिराम दास महाराज की प्रेरणा से सीवन पुत्र की टीम लगातार सीवन उद्धार का काम तो कर ही रही है साथ में वाटर हार्वेस्टिंग एवं पौधारोपण का काम भी कर रही है शुक्रवार को सीवन उद्धार का 71वां दिवस था अभी भी योद्धाओं का उत्साह बरकरार है पौधा रोपण के अवसर पर सीवन पुत्र कैलाश चौहान जगदीश वर्मा प्रदीप चावड़ा मुकेश राय कनीराम मालवीय वैभव राठौर सुरेश भगत अशोक नामदेव विल्सन जैन प्रकाश यादव उमेश चावड़ा अश्विन नामदेव अनुराग जैन योगेंद्र राय आदि उपस्थित थे

# बच्चों के जीवन के शुरुआती 10 वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण : जिला पंचायत सीईओ

### मिशन अंकुर की प्राथमिकताओं पर सीएसी एवं बीएसी को दिया गया प्रशिक्षण



सीहोर(निप्र)। शिक्षा विभाग द्वारा सीहोर स्थित डाइट संस्थान में सीएसी एवं बीएसी का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र में मिशन अंकुर एवं एफएलएन की प्राथमिकताओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। सीईओ श्रीमती यादव ने कहा कि बच्चों के जीवन के शुरुआती 10 वर्ष उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि उच्च कक्षाओं में विद्यार्थियों को एलसीएम-एचसीएफ जैसी मूलभूत गणनाओं में आने वाली कठिनाइयों का प्रमुख कारण बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान की कमजोरी है, इसलिए एफएलएन कार्यक्रम को गंभीरता से लेते हुए नई वर्कबुक का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नए सत्र के शुरुआती छह माह अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और विद्यालयों को ऐसा सीखने का वातावरण बनाना होगा जहां बच्चे अपने आधारभूत कौशलों को बेहतर ढंग से विकसित कर सकें। उन्होंने शिक्षकों एवं शैक्षणिक अधिकारियों को नवाचार अपनाने, स्वयं अध्ययन करने तथा शिक्षण सामग्री का सुनियोजित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही निर्देश दिए कि आगामी माह से मासिक एफएलएन ट्रैकर में किसी प्रकार की त्रुटि स्वीकार नहीं की जाएगी तथा जानकारी समय पर और सही तरीके से दर्ज की जाए, जिससे बच्चों की प्रगति के आधार पर प्रभावी योजना बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि जिले की शैक्षणिक प्रगति में सभी का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। इस दौरान डाइट प्राचार्य डॉ. अनीता बडगुर्जर, डीपीसी रमेश राम उइके सहित सभी जनशिक्षक, बीएसी, बीआरसीसी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्राम सेवनिया में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

सीहोर(निप्र)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्राम सेवनिया में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर ग्रामवासियों के साथ पौधारोपण किया और पौधों के संरक्षण की शपथ ली। इसके साथ ही ग्रामवासियों को नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, महिलाओं एवं बच्चों से सम्बंधित कानूनी प्रावधानों की सरल शब्दों में जानकारी दी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा प्रारंभ की गई नवीन पहल आशा-जीवन चुनो, उम्मीद चुनों के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि, वर्तमान में बहुसंख्या में होने वाली आत्महत्याओं के पीछे बहुत सारे कारण है जिनमें वैवाहिक विवाद, भावनात्मक समस्याएं, ऋण लेने एवं चुका नही पाने संबंधी मामले, सामाजिक दबाव, प्रतिस्पर्धा की भावना का सीमा से अधिक बढ़ जाना एवं सोशल मीडिया तथा डिजिटल प्लेटफार्मस के उपयोग के दौरान विवेकपूर्ण तरीके से उनका इस्तेमाल नही कर पाना आदि प्रमुख कारण है। इस दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर जन-जन तक डोर-टू-डोर अभियानो और विधिक साक्षरता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। साथ ही ऐसी समस्याओं में फंसे हुये व्यक्तियों को उचित कानूनी, मानसिक एवं अन्य सहायता भी प्रदाय करने का कार्य किया जाएगा।

## करोड़ों के गुटके पाउच बगैर बिल, फिर भी प्रति पेकिट तीस रुपए ऊपर



भैरूंदा, नसरुल्लागंज(निप्र)। स्थानीय नगर एवं आसपास के क्षेत्र में थोक गुटका तंबाकू पाउच के भाव में मनमाने ढंग से बढ़ौतरी कर बीस से तीस रुपए ऊपर लेकर छोटे व्यापारियों को बेचा जा रहा है इसकी सूचना सूत्रों के माध्यम से अधिकारियों को पहले दी थी इसके बावजूद आज तक इनके द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया। जबकि कंटेनरों के माध्यम से बगैर बिल के माल याने टेक्स की चोरी और उपर से भारी मुनाफाखोरी का कारोबार फल फूल रहा है। करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी करने के बावजूद और सूचना के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया याने आम जनता को लूटने का धंधा स्वयं सरकार करबा रही है बड़े व्यापारियों को मालामाल बनाना चाहती है। जनता जाए भाड़ में आज क्षेत्र में भारी मात्रा में हर तीसरा व्यक्ति इन गुटका,पान मसाला,पाउच का आदि है जिससे लाखों रुपए प्रति दिन की खपत होती है। क्या जिला प्रशासन इस ओर शीघ्र संज्ञान लेकर स्थानीय व्यापारियों के गोदाम, प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर बगैर बिल माल और भारी मुनाफाखोरों पर लगाम लगाने के निर्देश देगा?

## राज्यसभा के लिए नामांकन भरने भोपाल पहुंचे राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग, हुई भव्य अगवानी

**- भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा सहित भाजपा नेताओं ने किया स्वागत, सत्कार**



भोपाल/सीहोर (निप्र)। मध्यप्रदेश के कोटे से राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाए गए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग नामांकन दाखिल करने के लिए भोपाल पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर उनकी भव्य अगवानी की गई। भारतीय जनता पार्टी सीहोर के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान दोनों के बीच में कुछ चर्चाएं भी हुईं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग का स्वागत करने के लिए भाजपा के नेता, कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचे। ढोल एवं पुष्प वर्षा के साथ सभी ने उनको बधाई, शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर श्री अरोरा ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सहित प्रदेश नेतृत्व का आभार भी प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने सिख पंजाबी खत्री समाज से तरुण चुग जी को मध्यप्रदेश के कोटे से राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है। इस निर्णय से हम समाजजन गौरवान्वित भी हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने किये पौधे रोपित



सीहोर(निप्र)। आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ सीहोर द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया। एक पौधा माँ के नाम अभियान के तहत श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर भारती नगर सैकड़ा खेड़ी में रोड किनारे भाजपा कई औषधीय एवं फल, फूल वाले पौधे लगवाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुदेश राय विधायक, नरेश मेवाडा जिला अध्यक्ष भाजपा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, राजकुमार गुप्ता सीताराम यादव, प्रदीप बिजोरिया, नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, प्रदीप गौतम, सुशील ताम्रकार, पवन जैन एवं रेड क्रॉस सोसाइटी सीहोर के कई सदस्य एवं मात्रशक्ति मौजूद रही। गगन जन सेवा समिति द्वारा पौधों का वितरण किया गया जो कि हर साल 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में किये जाते रहे है। इस मौके पर जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. गगन नामदेव और कई वरिष्ठ चिकित्सक एवं वरिष्ठ भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।डॉ गगन नामदेव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है।

## स्वर्गीय कैलाश सारंग जी के स्मृति में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



सीहोर(निप्र)। स्वर्गीय कैलाश सारंग जी के स्मृति में दूसरे वर्ष भी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में तीसरे दिन विश्व पर्यावरण दिवस पर खिलाड़ियों द्वारा चर्च ग्राउंड पर पौधा लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस प्रतियोगिता में आज दो मैच खेले गए। जिसमें जूनियर वर्ग में सीहोर चिल्ड्रन विरुद्ध सीहोर मिनी बॉयज के मध्य खेला गया। सीहोर चिल्ड्रन 2-0 से विजय रही। सीहोर चिल्ड्रन की तरफ से अराफात ने एक गोल किया, वंश ने एक गोल किया। सीनियर वर्ग में सीहोर क्लब विरुद्ध आरएसआई के मध्य खेला गया। जिसमें सीहोर क्लब 3-0 से विजय रही। सीहोर क्लब की तरफ से ध्रुव ने एक गोल किया, पुष्प ने एक गोल किया, अथर्व ने एक गोल किया। इस प्रतियोगिता में कल 2 मैच खेले जाएंगे। पहले में जूनियर वर्ग में सीहोर बॉयज विरुद्ध सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला जाएगा। सीनियर वर्ग में डीएसवाईडब्लू विरुद्ध आरएसआई के मध्य खेला जाएगा।

### ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर शिविर लगाकर किया गया 666 बच्चों का टीकाकरण

सीहोर (निप्र)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 05 जून को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 461 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 205 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 101 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में पौधारोपण



सीहोर। हर साल की तरह इस साल भी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ सीहोर के तत्वाधान में पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया था। इस मौके पर भारती नगर सैकड़ा खेड़ी में रोड पर श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के आस-पास 25 पौधे लगवाए गए जिसमें एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए इसमें मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय विधायक, नरेश मेवाडा जिला अध्यक्ष भाजपा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, राजकुमार गुप्ता, सीताराम यादव, नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार एवं रेड क्रॉस सोसाइटी सीहोर के कई सदस्य मौजूद रहे इसमें गगन जन सेवा समिति द्वारा पौधों का वितरण किया गया जो कि हर साल 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कर जाता है जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉक्टर गगन नामदेव और कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे और एवं वरिष्ठ भाजपा के पदाधिकारी मौजूद थे।

# भेरुंदा पुलिस ने दो चोरियों का किया खुलासा

## आरोपी पूर्व में भी चोरी के केस में हो चुका है गिरफ्तार




भेरूंदा (संजय कलमोर)। फरियादी अनवार खान पिता बबलू खान उम्र 36 साल निवासी भाईलाल कालोनी भैरूंदा ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 03.05.2026 की रात्रि मे अज्ञात चोर उसकी दुकान से लोहे के तीन पासे, लोहे के यन्त्र बनाने के औजार, पीतल की कंगनी करीब 01 किलो, लोहे के 06 कल्टीवेटर के मोजे से चोरी कर ले गया। जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 308/26 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का पंजीबद्द कर अनुसंधान मे लिया गया।

सीहोर पुलिस अधीक्षक श्रीमति सोनाक्षी सक्सेना के द्वारा त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सुनिता रावत व एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरूँदा द्वारा अपराध क्रमांक 308/26 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के अज्ञात आरोपी तलाश हेतु टीम गठित की गयी। आरोपीगण की तलाश हेतु मुखबिर तत्रं को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहायता प्राप्त की जिसके परिणाम स्वरुप संदेही जितेन्द्र उईके पिता लक्ष्मण सिंह उईके उम्र 22 साल निवासी सुभाष कालोनी भैरुंदा को चिन्हित कर उससे पूछताछ की गई। जिसके घटना दिनांक की दरमियानी रात दुकान से लोहे के तीन पासे, लोहे के यन्त्र बनाने के औजार, पीतल की कंगनी करीब 01 किलो, लोहे के 06 कल्टीवेटर के मोजे चोरी करना बताया व अप.क्र 149/26 धारा 303(2) बीएनएस में चोरी गये ट्रेक्टर की सीट से 94253 रुपये मय झोले से चोरी करना बताया, आरोपी से 20000 रुपये चोरी का मशरुका जप्त किया गयाद्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

सराहनीय भूमिका-उनि कौशलेन्द्र प्र.आर.धर्मेन्द्र सिंह, प्र.आर. राममनोहर यादव, आर. प्रकाश, आर. सतेन्द्र, आर. जितेन्द्र कीर, आर.विश्वास का सराहनीय योगदान रहा।

## *विश्व पर्यावरण दिवस पर भैरुंदा में पौधारोपण अभियान, 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य*

*भैरूंदा (संजय कलमोर )। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भैरूंदा तहसील क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेत ठेकेदार कंपनी यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम द्वारा व्यापक पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कंपनी ने इस वर्ष तहसील क्षेत्र में 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके तहत विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया जा रहा है। अभियान की शुरुआत तहसील कार्यालय भैरूंदा परिसर से की गई, जहां अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद थाना भैरूंदा, थाना गोपालपुर तथा ग्राम पंचायत छिदगांव काछी परिसर में भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान छायादार, फलदार एवं पर्यावरण के लिए उपयोगी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम पिछले चार वर्षों से लगातार बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान संचालित कर रही है। कंपनी द्वारा अब तक हजारों पौधे लगाए जा चुके हैं तथा उनके संरक्षण और देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष 5000 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन को भी मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते वन क्षेत्र को देखते हुए पौधारोपण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया।*

## दिव्यांग शिक्षक प्रकाश बाबू अहिरवार ने अजाक्स कार्यालय को कुर्सियां दान की

सीहोर। शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला विदिशा के दिव्यांग शिक्षक प्रकाश बाबू अहिरवार द्वारा शुक्रवार 05 जून 2026 को अजाक्स कार्यालय जिला विदिशा को दस हजार रुपए की कीमत की चार कुर्सियां अजाक्स कार्यालय में भेट की गई। उक्त सराहनीय कार्य के लिए अजाक्स के पदाधिकारियों ने शिक्षक प्रकाश बाबू अहिरवार की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com